CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 98 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 01 मई, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

## मोदी का मास्टर स्ट्रोक: जाति जनगणना कराएगी केंद्र सरकार

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का एलान कर दिया है। यह जनगणना मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर पूर्ववर्ती सरकारों ने हमेशा से ही जातिगत जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद से ही जाति को जनगणना की किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया कि जातिगत जनगणना को कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। इसेक बाद एक मंत्रीमंडल समूह का गठन किया गया। इसमें ज्यादातर राजनीतिक दलों ने जातिगत जनगणना की संस्तुति की। इसके बावजूद भी कांग्रेस ने महज खानापूर्ति का ही काम किया। उसने महज सर्वे कराना ही उचित समझा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया है। जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है। यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण सुचारू रूप से किया है, जबकि राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर-पारदर्शी तरीके से ऐसे सर्वेक्षण किए हैं। ऐसे सर्वेक्षणों ने समाज में भ्रांति फैली है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीति के दबाव में न आए। हमें जाति जनगणना के लिए एक मंच तैयार करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और समाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश का विकास भी निर्बाध रूप से चलती रहेगी।



### पहली जनगणना 1872 और आखिरी 2011 में हुईं

भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था।

### प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर होती है जनगणना


जनगणना 1951 से प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर की जाती थी, लेकिन 2021 में कोरोना महामारी के कारण जनगणना टल गई थी। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को भी अपडेट करने का काम बाकी है। अभी तक जनगणना की नई तारीख का आधिकारिक तौर पर एलान भी नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे। इससे भविष्य में जनगणना का चक्र बदल जाएगा। जैसे 2025-2035 और फिर 2035 से 2045। जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं। इससे न सिर्फ जनसंख्या बल्कि जनसांख्यिकी, आर्थिक स्थिति कई अहम पहलुओं का पता चलता है। विपक्षी कांग्रेस समेत तमाम सियासी पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, ताकि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल संख्या का पता चल सके।

### विरोध के उठे स्वर, महापंचायत आज

## अलवर में जहरीली दारू बनी जानलेवा, 8 लोगों की लील गई जिंदगी

जयपुर टाइम्स

**अलवर।** अलवर में जहरीली शराब आठ लोगो पर कहर बनकर काल बन गई, इसने 8 लोगों की जान ले ली। पहली मौत 26 अप्रैल को हुई थी। अगले दो दिन में 7 और लोगों ने दम तोड़ दिया। लगातार हुईं मौत जिला प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं। सभी मरने वाले दो गांव (पैंतपुर और किशनपुर) के हैं। इन सभी की उम्र 39 से 60 साल के बीच है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे एरिया में धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री हो रही है, लेकिन ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। जब 28 अप्रैल को एक दिन में 5 मौत हुईं तो जिला प्रशासन के अधिकारी इन गांवों में पहुंचे। जहरीली शराब पीने से कई और लोगों की हालत खराब है। जिन्हें अलग-अलग हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। जिला आबकारी अधिकारी के अनुसार तीन दिनों में 6 लोगों की मौत हुई है, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि जहरीली शराब पीने से 8 लोगों की जान गई है। ग्रामीणों ने बताया कि जहरीली शराब के कारण आए दिन लोगों को हॉस्पिटल में एडमिट होना पड़ता है। जिला आबकारी अधिकारी अर्चना जैमन ने मृतकों के परिजनों के बयानों का हवाला देते हुए जहरीली शराब से मौत की बात को खारिज किया है। उन्होंने बताया कि परिजनों ने अलग-अलग कारण बताए हैं - कुछ ने खेत में कीटनाशक छिड़कने के दौरान मौत, कुछ ने दमे की बीमारी और एक ने अत्यधिक शराब सेवन से मौत होना बताया है। जैमन ने कहा कि उनके पास आई रिपोर्ट के अनुसार तीन दिन में 6 मौतें हुई हैं। विभाग अवैध शराब पर लगातार कार्रवाई करता रहता है।



प्रभावित गांव के लोगों का कहना है कि अकबरपुर थाना इलाके के गांवों में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इसकी जानकारी पुलिस व दूसरे अधिकारियों को भी है। आरोप है कि जिन ठेकेदारों को एक-एक शराब की दुकानें अलॉट हैं उन्होंने कई दुकानें यहां खोल रखी हैं। जहां कच्ची शराब की भी बिक्री होती है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को महापंचायत बुलाई गई है। मृतक सुरेश की चाची सरिता देवी ने बताया कि घटना वाले दिन सुरेश काम से घर लौटा और शराब का सेवन किया। खाना खाने के बाद वह सो गया। सुबह उठने पर उसे उल्टियां होने लगीं। परिवार के लोग तुरंत उसे अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। जहरीली शराब पीने से पहली मौत 26 अप्रैल को पैंतपुर निवासी सुरेश वाल्मीकि (45) की हुई।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन: पूर्व रॉ प्रमुख अध्यक्ष बने

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार की रणनीतिक बैठकों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड बड़ा फेरबदल किया गया है। सरकार की ओर से पुनर्गठित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में सात सदस्य होंगे। बोर्ड में तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त अधिकारी होंगे। सरकार की ओर से पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बोर्ड में पूर्व पश्चिमी एयर कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना सैन्य सेवाओं से सेवानिवृत्त अधिकारी भी हैं। राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त दो सदस्य भी बोर्ड में हैं। सात सदस्यीय बोर्ड में बी वेंकटेश वर्मा सेवानिवृत्त आईएफएस हैं। इससे पहले पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक बुलाई। इसके बाद राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए), आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की बैठक हुई। ताबड़तोड़ बैठकों के बाद एक पूर्ण कैबिनेट की बैठक भी हुई।

पहलगाम हमलों के बाद दूसरी बार बुलाई गई सीसीएस पहलगाम की घटना के मद्देनजर सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा हुई। सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) की पिछली बैठक 23 अप्रैल को हुई थी और पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई थी। हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की आतंकियों ने निर्मम हत्या कर दी थी। सीसीएस ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा की थी और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की थी। सीसीएस ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की थी। इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली थी। बैठक उस समय हुई, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर करारी चोट करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास और भरोसा जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (सशस्त्र बलों को) हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी स्वतंत्रता है।

## मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव और पूर्व सीएम शिवराज सिंह ने सतीश पूनियां के पुत्र और पुत्रवधू को दिया आशीर्वाद



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व केंद्रीय कृषि मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा हरियाणा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के जयपुर आवास पर पहुंचकर पुत्र महीप और पुत्रवधु सिप्पी को सुखमय, खुशहाल, मंगलमय दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सतीश पूनियां ने शॉल-साफा ओढ़ाकर मोहन यादव व शिवराज चौहान का स्वागत-सत्कार किया। उन्होंने कहा कि जयपुर स्थित निज आवास पर पधारे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री व मेरे मित्र डॉ. मोहन यादव से आत्मीय भेंट हुई। इस दौरान विद्यार्थी परिषद से लेकर पार्टी से जुड़े अनेकों संस्मरण ताजा हो गए। डॉ. मोहन जनता के सच्चे सेवक हैं। निज निवास पधारकर नवयुगल महीप और शिप्पी को आशीर्वाद दिया। डॉ. पूनियां ने शिवराज सिंह चौहान से भेंट को लेकर कहा कि जयपुर स्थित आवास पर पधारे जनप्रिय केंद्रीय कृषि मंत्री व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भाई शिवराज सिंह चौहान के साथ काम करने का मौका मिला, उनका सानिध्य हमेशा प्रेरणा देने वाला है। जयपुर पधारकर शिवराज चौहान ने नवयुगल महीप व सिप्पी को आशीष दिया, उसके लिए आभार जताया।



## खौफ में पाक, भारत करेगा पाकिस्तान पर हमला!




जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तारड़ ने कहा है कि भारत अगले 24 से 36 घंटे में पाकिस्तान पर हमला कर सकता है। उन्होंने एक्स पर वीडियो जारी करके कहा कि हमारे पास हमले की पुख्ता जानकारी है। वहीं, पहलगाम हमले के बाद बैठक पर बैठक कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सेना को फ्री हैंड देते हुए कहा कि सेना ही आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का तरीका, लक्ष्य और समय तय करे। PM ने तीनों सेना प्रमुख, NSA अजीत डोभाल, CDS अनिल चौहान के साथ डेढ़ घंटे हाई लेवल मीटिंग के बाद ये बातें कहीं। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी बताया है कि उन्होंने बीते 9 घंटे में 9 देशों के विदेश मंत्रियों से बात की है। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी की बैठक की है। इसमें सुरक्षा मामलों पर चर्चा हुई है। अब क्या फैसला हुआ है, वह तो वक्त ही बताएगा। इस बीच, पाकिस्तान के आर्मी चीफ के देश छोड़कर भागने की अटकलें तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर लोग पूछ रहे हैं कि जनरल असीम मुनीर कहां लापता हो गए हैं? इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अल्जीरिया, ग्रीस, गुयाना, पनामा, स्लोवेनिया, सिएरा लियोन और सोमालिया के अपने समकक्षों से बात की और पहलगाम हमले पर चर्चा की। उन्हें इन देशों से समर्थन मिला है। इन सात देशों के अलावा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के दूसरे अस्थायी सदस्य डेनमार्क, पाकिस्तान और कोरिया गणराज्य हैं। भारत UNSC में पाकिस्तान को घेर रहा है, जिसका मोर्चा जयशंकर ने संभाला है।

## पाकिस्तान पस्तः बॉर्डर पर खाली की चौकियां, झंडे भी उतारे

जयपुर टाइम्स

**श्रीनगर(एजेंसी)।** पहगाम आतंकी हमले को जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को खुली छूट का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने कहा है कि सेना जगह, समय और जवाब अपने हिसाब से चुने। पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने से पहले भारत की तरफ की जा रही मजबूत तैयारी के बीच सामने आया है कि दोनों देशों की अंतरराष्ट्रीय सीमा की कुछ पोस्ट पर पाकिस्तान सैनिक पीछे हट गए हैं। पाकिस्तान की पोस्ट पर झंडे उतार लिए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर कई पोस्ट खाली कर दी हैं। पाकिस्तानी सेना ने इन पोस्ट से झंडे भी हटा लिए हैं। पाकिस्तान ने कठुआ के पर्गवाल इलाके में ये पोस्ट खाली की हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर तनाव बना हुआ है। अभी सीजफायर का कई बार उल्लंघन हो चुका है। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद पाकिस्तान को कड़े जवाब की मांग हो रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। लश्कर से जुड़े आतंकवादियों पर कार्रवाई के बीच पुलिस ने कश्मीर में चेतावनी जारी की है। पुलिस ने लाउडस्पीकर और दीवारों पर संदेश लिखकर लोगों से कहा है कि वे इत्तेहाद- उल-मुस्लिमीन और अवामी एक्शन कमेटीसे अलग होने को कहा गया। लाउडस्पीकर से घोषणाएं की गईं और पोस्टर लगाए गए। कश्मीर में 48 टूरिस्ट प्लेस को पहले ही बंद कराया जा चुका है।



### पंजाब में बढ़ी सर्तकता

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने के लेकर पंजाब से लेकर गुजरात तक अलर्ट है। पंजाब सरकार पंजाब से सटी पाकिस्तानी सीमा पर एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात कर रही है ताकि पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन के जरिए हथियार और ड्रग्स भेजने की साजिश नाकाम की जा सके। ड्रोन को मार गिराने के लिए एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात किए जाएंगे। पंजाब मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार इस तकनीक से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ को तुरंत ट्रैक करके नष्ट कर सकेंगी।

### कच्छ में 21 जगहों पर पांबदी

गुजरात के सबसे बड़े जिले कच्छ में भी पहलगाम आतंकी हमले के साथ बीएसएफ और पुलिस हाई अलर्ट पर है। राष्ट्रीय सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए कच्छ के 21 टापुओं पर नहीं जाने की आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि 26 जुलाई तक इन एरिया में प्रवेश न करे। यह आदेश कच्छ के कलेक्टर की तरफ से जारी किया गया है। इसमें कुछ धार्मिक स्थान भी शामिल हैं। कलेक्टर ने शेखरन पीर, ओगात्रा, लूनाबेट, खदराई पीर द्वीप, सैयद सुलेमान पीर द्वीप, भादियो द्वीप, लून द्वीप, गोधराई द्वीप, मोटापीर, हेमताल (हैताल), हाजी इब्राहिम, खानाना बेट, गोपी बेट, सटोरी बेट, भाकल बेट, सावला पीर, शुगर बेट, पीर सनाई, बोया बेट, सेठवाड़ा बेट, सत सईदा द्वीप में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
01 मई, 2025


# केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है- मंत्री संजय शर्मा

## वन मंत्री ने राजकीय राजऋषि महाविद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया व भामाशाहों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बुधवार को राजकीय राजऋषि महाविद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंत्री शर्मा ने कहा कि राजऋषि महाविद्यालय का शिक्षा के क्षेत्र में गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने महाविद्यालय के विकास में योगदान देने वाले खासतौर पर महाविद्यालय में प्रकृति संरक्षण के कार्य कराने वाले भामाशाहों व महाविद्यालय स्टाफ को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आधुनिक शिक्षा की मांग के अनुरूप होने के साथ भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढाने वाली है। उन्होंने अलवर शहर में पटरी पार क्षेत्र में बेटियों के लिए महाविद्यालय खुलवाने की मांग इस बजट में पूरी होने, बेटियों के लिए सैनिक स्कूल, राजगढ में केंद्रीय विद्यालय, पॉलोटेक्निकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सीट क्षमता में वृद्धि 15 करोड रूपये की राशि से अलवर में डिजिटल प्लेनेटेरियम जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

### ये की घोषणाएं

मंत्री शर्मा ने महाविद्यालय में विधायक निधि कोष से बोरिंग कराने, बेटियों के लिए पिंक टॉयलेट बनवाने व एक कॉमन टॉयलेट बनवाने के साथ महाविद्यालय में विभिन्न संकायों को जोडने वाली डामर सडकें बनवाने की घोषणा करने के साथ महाविद्यालय में अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के सहयोग से ई-लाइब्रेरी बनवाने का विश्वास दिलाया। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए निरन्तर सहयोग करेंगे।

### इनका किया लोकार्पण व शिलान्यास

मंत्री शर्मा ने 44.85 लाख रूपये की लागत से कराए गए स्मार्ट लैब, गर्ल्स कॉमन रूम, आईक्यूएसी कक्ष व रिसर्च लैब के नव निर्माण कार्य, 20 लाख रूपये की लागत से निर्मित वनस्पति शास्त्र उपकरण प्रयोगशाला व 4 लाख रूपये की लागत राशि से निर्मित रूसा योजनान्तर्गत राजऋषि महाविद्यालय परिसर में योगा केंद्र, राजर्ऋषि महाविद्यालय विकास समिति द्वारा 34.50 लाख रूपये की लागत से निर्मित सोलर प्लांट एवं वनस्पति उद्यान, 2.5 लाख रूपये की लागत से निर्मित रसायन विज्ञान उद्यान का लोकार्पण किया। वहीं 9.65 लाख रूपये की लागत से महाविद्यालय में बनने वाले प्राणीशास्त्र प्रयोगशाला के कार्य का शिलान्यास किया।

### इनका किया सम्मान

मंत्री शर्मा ने राजऋषि महाविद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों में सहयोग करने पर डॉ. अनिता गुप्ता, डॉ. अशोक नागर, डॉ. ममता तिवाडी, डॉ. ऋतु माथुर, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, डॉ. राजेश मीना, डॉ. अर्चना वशिष्ठ, सूर्यकान्त भारद्वाज, अखिल भारतीय पर्यावरण एवं गौ संरक्षण मंच (अरनिमा सोशल वेल्फेयर फाउंडेशन), पायल सैनी लक्ष्मी बाई मार्शल आर्ट, श्रीकिशन गुप्ता, जैन इरिगेशन, कृषि विपणन, यश बैंक, बैंक ऑफ बडोदा, केनरा बैंक के प्रतिनिधियों को दुपट्टा ओढाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर स मान किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों व महाविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों का भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया। राजऋषि महाविद्यालय के प्राचार्य गोपीचंद पालीवाल ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के प्रोफेसरों द्वारा विद्यार्थियों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था, जूलोजिकल गार्डन व सरस्वती गार्डन को विकसित कराने में सहयोग किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के.जी खण्डेलवाल व डॉ. गंगा श्याम गुर्जर ने अपने स बोधन में महाविद्यालय के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान और हाल ही में महाविद्यालय में हुए विकास कार्यों की सराहना की। प्रो. डॉ. अनुज शर्मा ने आगन्तुकों का आभार जताया। मंच संचालन डॉ. संजय दरगन व डॉ. ऋतु माथुर ने किया। इस अवसर पर बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक आर्य, शशि तिवाडी, जितेन्द्र राठौड, डॉ. राजेश यादव, डॉ. एन.एल शर्मा, दिग बर सैनी, अश्वनी जावली, रामावतार शर्मा, राजेश सैनी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं महाविद्यालय स्टाफ एवं बडी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु विशेष कार्यदल गठित

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** जिला कलक्टर किशोर कुमार ने जिले में अनाधिकृत रूप से संचालित चिकित्सा गतिविधियों पर नियंत्रण रखने एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु एक विशेष कार्यदल का गठन किया गया है। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार गठित इस दल में संबंधित उपखण्ड के उपखण्ड अधिकारी अथवा तहसीलदार, उपअधिक्षक पुलिस अथवा वृत्ताधिकारी, संबंधित खण्ड के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, संबंधित चिकित्सा संस्थान, जिला आयुर्वेद अधिकारी, संबंधित क्षेत्र के औषधि नियंत्रण अधिकारी शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यदल अवैध रूप से चल रहे चिकित्सा कार्यों की निगरानी करेगा और आवश्यकतानुसार कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित करेगा। इस टीम का उद्देश्य जनस्वास्थ्य की रक्षा करना और अप्रमाणित चिकित्सकीय गतिविधियों पर रोक लगाना है।

## गिव अप अभियान के तहत 31 मई तक अपात्र व्यक्ति हटवा सकते हैं खाद्य सुरक्षा योजना से नाम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** गिव अप अभियान के तहत अपात्र खाद्य सुरक्षा लाभार्थी स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से 31 मई तक अपना नाम हटवा सकते हैं। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान के तहत नाम हटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित ऐसे लाभार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं जैसे आयकरदाता, 1 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय, चौपहिया वाहन धारक स्वेच्छा से अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार/जिला रसद अधिकारी कार्यालय अलवर में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र भरकर अपना नाम हटवा सकते हैं। प्रपत्र जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है। अब कोई भी अपात्र व्यक्ति खाद्य विभाग राजस्थान के पोर्टल https://food.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक 'गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना से स्वतः हटने के लिए आवेदन करें' पर आवेदन कर अपना नाम स्वयं खाद्य सुरक्षा सूची से हटा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक 5360 परिवारों की 22512 यूनिटस हटाई जा चुकी है। उन्होंने नाम नहीं हटवाने वाले अपात्र व्यक्तियों की सूचना के आधार पर उनके खिलाफ विशेष अभियान चलाकर वसूली की कार्यवाही तथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी एवं योजना के प्रारंभ से ही प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर से वसूली की जाएगी।

## श्री अग्रसेन चिकित्सालय को होप चेरिटेबल सस्थांन द्वारा पी.ई.एम. एफ थैरेपी मशीन की भेंट



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री अग्रवाल महासभा, अलवर द्वारा संचालित श्रीमती बर्फी देवी पुरूषोत्तम दास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय, स्कीम 01, अलवर में होप चेरिटेबल सस्थांन की महिला मण्डल सदस्यों द्वारा चिकित्सालय मानवीय सेवा क्रम में फिजियोथेरिपी विंग को 58,800 रू की लागत की एक पी.ई.एम.एफ. थैरिपी मशीन भेंट की गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में सर्वप्रथम अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। उसके उपरान्त महासभा अध्यक्ष अमित गोयल, मंत्री सुरेश अग्रवाल व उपाध्यक्ष पदम चन्द अग्रवाल, लेखाकार अरविन्द अग्रवाल, अशोक गोयल, शिव अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल व अग्रवाल महिला मण्डल की रेखा गर्ग ने सभी का माल्यपर्ण व दुपट्टा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर होप चेरिटेबल सस्थांन की महिला मण्डल सदस्य रेखा अग्रवाल, सोनिया खण्डेलवाल, रिचा, पूजा जैन, शीला, रंजनी, स्नेहा, रेणु गर्ग, वैशाली, गुंजन उपस्थित रही। महिला मण्डल द्वारा डॉ0 अंजली गुप्ता व डॉ0 निमिषा जैन को यह मशीन प्रदान की इस अवसर पर अनिल बंसल, विजय नगर व मुकेश अग्रवाल का भी स्वागत किया गया। अतः में श्री अग्रवाल महासभा द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर संस्था को सम्मानित किया गया।

## आमजन को किया यातायात नियमों एवं यातायात में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अलवर के निर्देशानुसार बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर एवं लॉर्डस यूनिवर्सिटी अलवर के संयुक्त तत्वावधान में यातायात नियमों एवं यातायात में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करने हेतु जिला न्यायालय परिसर अलवर में लॉर्डस यूनिवर्सिटी के विधि वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड नाटक के तहत न्यायालय परिसर में उपस्थित अधिवक्ताओं एवं आमजन को यातायात नियमों के विषय में विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। नुक्कड नाटक के बाद विधि वर्ग के छात्र-छात्राओं को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर मोहनलाल सोनी एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती अर्चना गुप्ता द्वारा न्यायप्रणाली एवं जनहित में न्याय की महत्ता पर मार्गदर्शन किया गया। साथ ही छात्रों से संवाद करते हुए कानून के क्षेत्र में संवेदनशीलता एवं निष्ठा बनाए रखने का संदेश दिया। उक्त सत्र से छात्र-छात्राओं को न केवल व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ बल्कि समाज सेवा के माध्यम से अपने ज्ञान को भी साझा किया।

## जिला कलक्टर ने किया बायोडायवर्सिटी पार्क का निरीक्षण, पार्क का विस्तार करने हेतु प्रस्ताव बनाने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को यूआईटी के अधिकारियों के साथ प्रतापबन्ध के पास बायोडायवर्सिटी पार्क (प्रताप वन) में नगर विकास न्यास द्वारा कराये जा रहे 68 लाख के कार्यो का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने पेड-पौधे, आई पेन्टिंग, सेल्फी पाईन्ट, योग पार्क, चिन्ड्रन पार्क में जिम झूले, बटर लाई, लोटस पाउण्ड (तालाब) न्यास द्वारा बनाये गये ट्रैक एवं नये लगाये गये टॉयलेट्स, ट्यूबवैल इत्यादि कार्यों का निरीक्षण कर यूआईटी सचिव को निर्देश दिये कि प्रगतिरत विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ 15 जून से पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पर्यटकों की संख्या में बढोतरी हेतु पार्क को विकसित कर ग्रीन पार्क बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि पार्क के सभी झरने चालू स्थिति मे रहें तथा योग दिवस से पूर्व इसे तैयार करे। साथ ही बायोडायवर्सिटी पार्क का विस्तार कराने हेतु प्रस्ताव तैयार करें। इस दौरान नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना, अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, अधिषाषी अभियन्ता कुमार संभव अवस्थी, अशोक मदान, सहायक अभियन्ता नरेन्द्र शर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता प्रवीण मीणा एवं संवेदक सेतिया उपस्थित रहे।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान में बस स्टैंड के समीप ढाबों पर की कार्रवाई

### जांच के लिए पनीर व दही के लिए नमूने

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत शहर के बस स्टैंड के पास स्थित ढाबो एवं रेस्टोरेंट पर नमूनीकरण एवं निरीक्षण की कार्रवाई की गई। जिसके तहत न्यू महावीर ढाबा एवं एवं श्री महावीर ढाबा बस स्टैंड अलवर से एक एक पनीर एवं एक-एक दही का नमूना जांच हेतु लिया गया। अग्रवाल ढाबा बस स्टैंड अलवर से पनीर का नमूना, बाबा डा पराठा बस स्टैंड अलवर से दही का नमूना, कूल होम रेस्टोरेंट एवं टेस्ट मिनिस्टर रेस्टोरेंट, विजय मंदिर रोड अंबेडकर सर्किल के पास स्थित से एक-एक पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया, शिव पवित्र भोजनालय बस स्टैंड अलवर से दही का नमूना जांच हेतु लिया गया। सभी ढाबों, रेस्टोरेंट संचालकों को साफ सफाई से कार्य करने एवं अपने खाद्य पदार्थों को ढककर बिक्री करने हेतु निर्देशित किया गया, किसी भी खाद्य पदार्थ को अख़बार में लपेटकर नहीं देने को निर्देशित किया गया। उक्त कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव गोयल, जय सिंह यादव, विश्वबंधु गुप्ता एवं अशोक लखेरा शामिल रहे।

## जार की बैठक में हुए चुनाव, पुष्पेन्द्र कुमार बसेन्द्र बने चौथी बार जिलाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान जार की जिला शाखा अलवर की बैठक बुधवार को स्वरूप विलास होटल में आयोजित की गई। जिसमें संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई। इसके अलावा पत्रकारों की समस्याओं पर विचार विमर्श करके उनके समाधान किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही बैठक के दौरान पत्रकार संघ जार के चुनाव भी कराए गए। चुनाव जिला निर्वाचन अधिकारी हरपाल सिंह के देखरेख में कराए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी हरपाल सिंह ने बताया कि चुनाव में लक्ष्मी नारायण लक्ष्य को जिला संरक्षक नियुक्त किया गया। इसके अलावा वर्तमान जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार बसेंद्र को चौथी बार जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा रामजस चौधरी को महासचिव, वरिष्ठ पत्रकार हरीश सैनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, युवा पत्रकार युवराज शर्मा को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया जबकि रूपेश शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा राज गुप्ता को सचिव के रूप में शामिल किया गया। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता के रूप में मनीष अरोड़ा को नियुक्त किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में मुदित गौड, आशीष शर्मा, रमेश शर्मा, गोविंद नंदा, यूं डी खान और दीक्षित कुमार को शामिल किया गया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ पत्रकार भी उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों को दिए संस्कार, बच्चो को बताया कि मोबाइल से दूर रहे और पक्षियों के लिए परिंडे लगाएं

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से बच्चों में नैतिक विकास और सुसंस्कार विकसित करने के लिए बुधवार को निशुल्क कार्यशाला एल.सी. आर. पबिलक स्कूल में हुई। एलसीआर स्कूल के गणेश मेडिटेशन हॉल में हुई इस कार्यशाला में आर्ट ऑफ लिविंग की ट्रेनर और संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने बच्चो को मोबाइल से दूर रहने, सुबह जल्दी उठकर गायत्री मंत्र का जाप करने जैसे अनेक सुसंस्कार दिए। वहीं बच्चों से माता-पिता की बात को मानने ओर गर्मियों में परिंडे लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बच्चों से खेल खेल में प्रतियोगिता कराई। नेक कमाई के कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि नेक कमाई की ओर से स्कूली बच्चों में आत्मविश्वास और सुसंस्कार विकसित करने की कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। स्कूल चेयरमैन प्रदीप वतराना ने आभार जताया। प्रिंसीपल यश अरोड़ा ने मंजू चौधरी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम में शिक्षिका अंशु, निधि, नेहा, सोनम, चिंकी और प्रियांशी आदि थे। मंच संचालन सौरभ कालरा ने किया।

## राजस्व अधिकारियों की बैठक: रास्ता खोलो अभियान के तहत सभी तरह के बंद आम रास्तों को खुलवाने तथा लंबित वादों को प्राथमिकता से निस्तारित करें - जिला कलक्टर

### फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी तत्परता से कार्य करते हुए बकाया राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में मई माह से प्रारंभ हो रहे रास्ता खोलो अभियान की रूपरेखा की विस्तृत समीक्षा करते हुए उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभियान के दौरान कदेमी आम रास्तों को चिन्हित कर 15 जून तक खुलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु नियमित जनसुनवाई के साथ त्रि-स्तरीय जनसुनवाई एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित गुणवत्ता के साथ निराकरण करें। उन्होंने ई-फाइल प्रणाली पर जोर देते हुए निर्देश दिये कि ई-फाइलिंग को उपखंड अधिकारी कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में शत प्रतिशत लागू करने एवं ई-फाइलों त्वरित गति से निस्तारित करें। उन्होंने ऑनलाइन सीमाज्ञान एवं यूटेशन की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारियों को परिवादों की सघन मॉनिटरिंग करने सहित इनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय एवं राजस्व मंत्री व उपनिवेशन विभाग से प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए कार्रवाई रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने चारागाह भूमि एवं राजकीय भूमि पर अतिक्रमण के मामलों की समीक्षा करते हुए स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण के विरूद्ध नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपखण्डवार राजस्व वाद निस्तारण, पत्थरगढी के शेष प्रकरणों, विभागीय जांच के बकाया प्रकरण, रिवेन्यू लैंड कंवर्जन प्रकरण, बजट घोषणा एवं नॉन बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन की स्थिति, भूमि संपरिवर्तन प्रकरण, ई-विद्या कार्यक्रम की समीक्षा कर संबंधित उपखण्ड अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत आगामी तीन माह में कार्य योजना बनाकर शिविरों के माध्यम से आमजन को योजना में रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु प्रोत्साहित करें। साथ ही अब तक जिले में करीब 9 हजार रजिस्ट्रेशन करवा चुके उपभोक्ताओं की सौलर पैनल स्थापना के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करवाकर पैनल लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि मिशन सक्षम आंगनबाडी के तहत दिए गए लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर उन्हें आदर्श आंगनबाडी केंद्र तैयार करवाएं तथा जुलाई माह तक जिले में 50 आंगनबाडी केंद्रों को आदर्श आंगनबाडी केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु ब्लॉकवार 5-5 आंगनबाडी केंद्रों को और अडोप्ट कर उनको आदर्श आंगनबाडी केंद्र के रूप में विकसित करवाना सुनिश्चित करें, इस कार्य में सामाजिक संस्थाओं, भामाशाहों एवं आमजन का भी सहयोग लेवे।



### इन्हें किया सम्मानित

जिला कलक्टर ने एग्रीस्टेक योजना के तहत किसानों की फार्मर आईडी बनाने व अन्य योजनाओं से लाभांवित कराने के उद्देश्य से जिले में लगाए गए शिविरों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उपखण्ड अधिकारी अलवर, कठूमर, लक्ष्मणगढ़ एवं रामगढ़ तथा तहसीलदार अलवर, कठूमर एवं नौगांवा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित कर उनके कार्य की सराहना की। साथ ही सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि ब्लॉक स्तर पर शिविरों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित करें। बैठक में एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, सरिस्का के क्षेत्र निरीक्षक संग्राम सिंह कटियार, डीआईजी स्टॉप संजय गोयल, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर, एसीईएम सुनीता यादव सहित समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं समस्त तहसीलदार उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने प्रो. सिंघल को शेखावाटी विश्वविद्यालय की मानद उपाधि से किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को राजभवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की ओर से राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.जगदीश प्रसाद सिंघल को पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि शेखावाटी विश्वविद्यालय के पंचम् दीक्षांत समारोह में शिक्षाविद् प्रो.जे.पी. सिंघल को मानद उपाधि प्रदान करने की घोषणा की गई थी।

## एनएसयुआइ के छात्रों ने पानी की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**बस्सी(निसं.)** राजकीय महाविद्यालय कानोता के छात्रों के द्वारा विधायक लक्ष्मण मीणा को पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। छात्र प्रतिनिधि आशीष सिरा ने बताया कि महाविद्यालय के अंदर पानी की अत्यधिक समस्या है महाविद्यालय परिसर में एक पानी की टंकी है जिसमें जल काफी गर्म रहता है और सफाई शुद्धता का भी अभाव है। इस भीषण गर्मी में छात्र-छात्राओं को पानी पीने के लिए दूर जाना पड़ रहा है। महाविद्यालय परिसर में पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र कैलाश गवारिया, आशीष, कृष्ण जोरवाल,श्याम सुंदर जांगिड़ उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के लिए पानी पीने के मटके रखवा दिए हैं,कल वाटर कुलर में आ रही समस्या को ठीक करवा दिया जाएगा।

## कैम्पस प्लेसमेंट शिविर एवं करियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार के कौशल,रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की वार्षिक कार्य-योजना वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन के तहत सभी वर्गों के आशार्थियों के लाभार्थी उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा बुधवार को प्रातः 10.00 बजे से कैम्पस प्लेसमेंट शिविर एवं करियर काउंसलिंग का आयोजन उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर के कार्यालय परिसर में किया गया। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर की उप निदेशक नवरेखा ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में लगभग 407 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया एवं निजी संस्थानों ने अपनी रिक्तियों के अनुसार 196 आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया तथा 35 आशार्थियों का प्रशिक्षण हेतु चयन कर कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में कुल 231 आशार्थियों को लाभान्वित किया गया। कैम्पस प्लेसमेंट शिविर एवं करियर काउंसलिंग में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के 07 संस्थानों ने भाग लिया। जिला कौशल समन्वयक गिरिराज सर्वैया, सीजीसी के उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अतुल कुमार सोनू, आईटीआई के सहायक निदेशक अनूप धारवाल, महिला रोजगार कार्यालय जयपुर के सहायक निदेशक हनुमान सहाय मीना आदि ने इस अवसर पर उपस्थित युवा आशार्थियों को रोजगार मार्गदर्शन एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उक्त कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में अविनाश कासलीवाल, श्री चन्द्रभान चारण, रजनी गोयल एवं रजनीश खलवा आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया ।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

### 6 केन्टर सामान किया जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देषानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में लालकोठी सब्जीमण्डी, लता सर्किल से झोटवाड़ा पचांयत समिति, मन्दिर मोड़ एवं बैनाड़ रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 06 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में लालकोठी सब्जीमण्डी, लता सर्किल से झोटवाड़ा पचांयत समिति, मन्दिर मोड़ एवं बैनाड़ रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 06 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## स्व. मास्टर श्रीराम यादव की प्रथम पुण्यतिथि 02 मई को

### निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का होगा आयोजन

**कोटपूतली(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा में क्षेत्र के वरिष्ठ नेता, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि रहे स्व. मास्टर श्रीराम यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर शुक्रवार 02 मई को निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विरेन्द्र यादव एवं उनकी टीम द्वारा अपनी सेवायें दी जायेगी। शिविर में अलवर के पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, मुण्डावर विधायक ललित यादव, शाहपुरा विधायक मनीष यादव आदि जनप्रतिनिधिगण शिरकत करेगें।

# राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, नीट-2025 (UG) के सफल आयोजन के लिए समस्त व्यवस्थाएं हों सुनिश्चित

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने अधिकारियों को दिये निर्देश

### 4 मई को जयपुर के 90 परीक्षा केंद्रो पर 36 हजार से अधिक परीक्षार्थी देंगे नीट-2025

### परीक्षा की सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली द्वारा आगामी 4 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, नीट-2025 (त्न) के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी अधिकारियों को समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बुधवार को परीक्षा के आयोजन को लेकर जयपुर के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नंबर-2 के सभागार में जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक ली एवं परीक्षा के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में समस्त केंद्र अधीक्षकों, को सफल बनने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में अधिकारियों को राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को नकल एवं पेपर लीक को रोकने के लिए संभव प्रयास सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। जिला परीक्षा संचालन समिति के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने जानकारी दी कि 4 मई, 2025 को दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक (दिव्यांगजनों के लिए दोपहर 2 बजे से सांय 6 बजे तक) जयपुर जिले के 90 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन होगा जिसमें 36 हजार 24 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 6 शहर समन्वयक एवं 90 केन्द्र अधीक्षकों की नियुक्ति की गई है। पुलिस अधिकारियों को भर्ती परीक्षा में किसी भी प्रकार की नकल अथवा अनियमितता की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई को अंजाम देते हुए परीक्षा का आयोजन पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए हैं। पुलिस सहित सभी सुरक्षा एजेंसियां इस दौरान सतर्क एवं मुस्तैद रहेगी एवं परीक्षा का सफल एवं सुचितापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करेंगी। गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि परीक्षा के आयोजन के दौरान पेपर लीक एवं नकल सहित अन्य प्रकार की विधि विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के यह हैं प्रावधान राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम-2022 (2022 का अधिनियम संख्याक 6) एवं संशोधन अधिनियम 2023 (2023 का अधि. संख्याक-17) की धारा 10 (1) के अन्तर्गत 3 वर्ष का कारावास और एक लाख रुपये का जुर्माना से दंडित किया जाएगा, जुर्माना नहीं होने पर 9 माह के कारावास से दण्डित किया जाएगा। इसी तरह धारा 10 (2) के अन्तर्गत 10 वर्ष का कारावास जो आजीवन कारावास तक का हो सकेगा और जुर्माना 10 लाख रूपये जो 10 करोड़ तक का हो सकेगा से दण्डित किया जाएगा, जुर्माना नहीं देने पर 5 वर्ष का कारावास और हो सकेगा। इस प्रकार के संगीन अपराध करने पर दोषी व्यक्तियों की सम्पत्ति की कुर्की और अधिहरण भी किया जा सकेगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त शाहीन सी. सहित पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## फुलेरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए निशुल्क जल सेवा शुरू

### सेवा 22 जून तक प्रतिदिन जारी रहेगी



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** भीषण गर्मी में रेल यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से फुलेरा रेलवे स्टेशन पर दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर निशुल्क जल सेवा का शुभारंभ किया गया। यह सेवा एकीकृत जन सहयोग के माध्यम से संचालित की जा रही है। इस पुण्य कार्य का उद्घाटन बहराना धाम के पूज्य महंत गोवर्धन दास महाराज, व उनके शिष्यों एवं बेलू भाई आश्रम के सह महंत सत्यनारायण महाराज (परमार्थ भूषण) के कर कमलों द्वारा किया गया। इस दौरान ZRUCC सदस्य भारत भूषण शर्मा, सुरेश मीणा, संघ अध्यक्ष अशोक वासदेव और शक्ति सिंह ने यात्रियों को शीतल जल पिलाकर सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया। आयोजकों ने जानकारी दी कि यह सेवा 22 जून तक प्रतिदिन सुबह से शाम तक संचालित की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गर्मी से परेशान यात्रियों को स्वच्छ, ठंडा और स्वास्थ्यवर्धक जल उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर रेलवे पेंशनर समाज, दैनिक रेल यात्री संघ, स्थानीय स्वयंसेवी और स्काउट संगठन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक की भागीदारी यह दर्शाती है कि समाज सेवा में उम्र कोई बाधा नहीं है। स्काउट संगठन के हर्षित सिंह, तेजस, मानव, तनिष्क व अन्य बच्चों का योगदान सराहनीय रहा। यह जल सेवा न केवल यात्रियों के लिए राहतदायक सिद्ध हो रही है, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा भावना और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण भी पेश कर रही है। यह प्रयास एक प्रेरणा है उन सभी के लिए, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहते हैं।

## पर्यावरण संरक्षण के लिये प्लांटेशन ड्राईव महत्वपूर्ण कदम- मित्तल

### अक्षय तृतीया पर युवा रेवॉल्युशन का ट्री प्लांटेशन ड्राईव का आयोजन, 51 पेड़ लगाये



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** अक्षय तृतीया के अवसर पर बुधवार को सामाजिक संगठन युवा रेवॉल्युशन द्वारा ट्री प्लांटेशन ड्राईव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बानसूर रोड़ गोकुल सरोवर स्थित पार्क में तेजस दास महाराज के सानिध्य में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश मित्तल ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और हमें उनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिये निरंतर प्रयास करना चाहिये। उन्होंने युवा रेवॉल्यूशन की इस पहल की सराहना करते हुये कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पार्क में विभिन्न किस्म के 51 पेड़ लगाये गये एवं उनकी देखभाल की जिम्मेदारी युवा रेवॉल्युशन द्वारा ली गई। युवा रेवॉल्युशन के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने बताया कि यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है। तेजस दास महाराज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने युवा रेवॉल्युशन की इस पहल को समर्थन देने की घोषणा करते हुये कहा कि वह इस तरह के आयोजनों में हमेशा साथ देंगे। जेपी कोटिया ने आयोजन की सराहना करते हुये कहा कि युवा रेवॉल्युशन की यह पहल निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इस दौरान गौरव शर्मा, राजवीर गुर्जर, मनोज शेखावत, अजीत यादव, दीपक स्वामी, ज्ञानी सिंह, पूरण सैन, आलोक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## रात्रि में खनन कार्य की रोक के आदेशों की नहीं हो रही पालना



### अजमेर डीजीएमएस के महानिदेशक से मिले ग्रामीण

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर में रात्रि में खनन कार्य की रोक के लिये अजमेर डीजीएमएस के महानिदेशक द्वारा दिये गये आदेशों की पालना नहीं होने पर ग्रामीणों ने बुधवार को अजमेर डीजीएमएस के महानिदेशक सरजीत कटेवा से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुये कार्यवाही की मांग की। ग्रामीणों की समस्याओं को वाजिब मानते हुये उन्होंने ठोस कार्यवाही का आश्वासन दिया। राधेश्याम शुक्लावास व ग्यारसीलाल आर्य ने महानिदेशक को बताया कि स्कूल, कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय छात्रावास व एससी मोहल्ले सहित सघन आबादी में खनन संचालकों द्वारा रात्रि में रूक-रूक कर खनन कार्य किये जाने से ग्रामीणों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। दिन भर प्रशासन, माइनिंग, पुलिस विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। खनन पट्टा में लगातार कई महीनों से खान सुरक्षा विभाग अजमेर की परमिशन रिवोक की जा चुकीं हैं और ब्लास्टिंग व हैवी मशीनरी से दिन रात धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र सुनवाई नहीं होती है तो जिला कलक्टर के समक्ष गुहार लगाई जायेगी। इस दौरान ग्यारसी लाल आर्य, जगदीश आर्य, सुल्तान यादव, लालचन्द यादव, रोहिताश यादव, नवल किशोर मीणा समेत अन्य मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सामाजिक सहभागिता की अनुकरणीय पहल



### विद्यालय विकास के लिए सौंपे 91 हजार रुपये

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर ढ़ाणी गूंदका वाली सरूण्ड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक अनुकरणीय सामाजिक पहल देखने को मिली। परशुराम स्वयंसेवी संगठन ने जन सहयोग से एकत्रित 91 हजार रुपये की राशि विद्यालय के विकास हेतु भेंट की, जो शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सहभागिता की प्रेरक मिसाल बन गई है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगठन के वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण शर्मा, गोपाल शरण गौतम, श्याम सुंदर शर्मा, राजेश ढ़ोढ़ू, सीताराम मुदगल, प्रवीण शर्मा, सोनू शर्मा ने यह राशि विद्यालय प्रधानाध्यापक जितेंद्र शर्मा को सौंपते हुये शिक्षा को मजबूत आधार देने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम संयोजक भास्कर शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही समाज की असली पूंजी है। यदि हम बच्चों को बेहतर वातावरण देंगे तो वे आने वाले समय में सशक्त भारत की नींव बनेंगे। यह पहल एक छोटी शुरुआत है जो भविष्य में बड़ा रूप लेगी। प्रधानाध्यापक जितेंद्र शर्मा ने संगठन की इस पहल की सराहना करते हुये भामाशाहों का आभार जताते हुये कहा कि यह सहयोग भावी पीढ़ी के लिये प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। शिक्षा और सामाजिक उत्थान की दिशा में यह प्रयास सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद जगाता है। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पानी पेड़ प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है- शेखावत

### पर्यावरणविद् जल प्रहरी दीपसिंह ने एनआईआईटी यूनिवर्सिटी नीमराना जल महोत्सव में प्रतिनिधित्व किया




जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** पानी पेड़ प्रकृति बचाओ (जहर मुक्ति आंदोलन) नंगे पांव गांव-गांव पदयात्रा एनआईआईटी यूनिवर्सिटी नीमराना के जल महोत्सव समारोह में भागीदार बनने पहुंची। एनआईआईटी यूनिवर्सिटी में आयोजित भव्य जल महोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीपसिंह शेखावत रहे तथा अध्यक्षता रिटायर्ड मेजर जनरल एवं डीनएनआईआईटी यूनिवर्सिटी नीमराना एके सिंह ने की। मुख्य अतिथि दीपसिंह शेखावत में जल महोत्सव में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पानी पेड़ प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है। आज के मानव ने इन पांच महाभूतों का शोषण करके जीवन को बर्बाद करने का काम किया है। हम सभी विद्यार्थियों को पानी और पेड़ को पढ़ाई के साथ भाईचारे का व्यवहार स्थापित करने पर ही खुशहाली एवं शांति की स्थापना हो सकती है। यूनिवर्सिटी के डीन जनरल ए के सिंह ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक एवं पर्यावरण के बारे में समझाया। पर्यावरण प्रदूषण के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन का संकट, गहराता जल संकट अर्थव्यवस्था एवं जीवन असाध्य बीमारियों से त्रस्त है। समाजसेवी कैलाश ताखर ने विद्यार्थियों को समझाया कि आज का युवा लाचार बेकार बीमार है। छोटे-छोटे प्रयासों से ही पानी और पर्यावरण का संरक्षण संभव है। विशिष्ठ अतिथि पूर्व सरपंच प्रागपुरा एलन स्वामी ने कहा कि भूगर्भ के जल का अत्याधुनिक तकनीक के द्वारा अंधाधुंध दोहन करना भावी पीढ़ी को अकाल एवं अंधकार में धकेल रहा है। हम सबको वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण करके प्रकृति एवं जीवन जीविका की खुशहाली को कायम रखना सीखना समझना चाहिए। पानी पेड़ प्रकृति बचाओ नंगे पांव गांव-गांव पदयात्रा के डेलिगेशन का यूनिवर्सिटी के शिक्षकों ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान समाजसेवी कैलाश ताखर, पूर्व सरपंच एलन स्वामी, हिमांशी टेक्नोलॉजी निदेशक मनदीप चौहान, आपकी आवाज फाउंडेशन सह संस्थापक प्रीति कंवर, हंसकोर देवी, प्रेम कंवर, हिमांशी रिहांशी एवं लक्की सिंह सहित सैकड़ों विद्यार्थी एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

# समाज और राष्ट्र की धुरी हैं मजदूर



सुनील कुमार महला

फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

एक मई को हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस या मजदूर दिवस या मई दिवस के रूप में मनाया जाता है। वास्तव में, यह दिवस मजदूरों और श्रमिक वर्गों का उत्सव है, जिसे अंतरराष्ट्रीय श्रम आंदोलन द्वारा बढ़ावा दिया जाता है और यह हर साल 1 मई, या मई के पहले सोमवार को होता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1 मई महाराष्ट्र दिवस और गुजरात दिवस के साथ भी मेल खाता है, जो 1960 में दो भारतीय राज्यों के गठन का प्रतीक है।बहरहाल , यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि किसी भी देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में मजदूरों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण और अहम् होती है और यह दिवस मजदूरों को उनके अधिकारों, रोजगार, उनकी कड़ी मेहनत और समाज और देश को उनके योगदान विशेष को सम्मान देने के क्रम में हर साल मनाया जाता है।कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला अपनी एक कविता में मजदूरों की दशा पर कुछ यूं लिखा है-वह तोड़ती पत्थर, देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर, वह तोड़ती पत्थर, कोई न छायादार पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार, श्याम तन, भर बंधा यौवन नत नयन प्रिय, कर्म-रत मन गुरु हथौड़ा हाथ, करती बार-बार प्रहार, सामने तरु-मालिका अट्टालिका, प्राकार।' बहरहाल, हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि किसी भी समाज और राष्ट्र का विकास तभी संभव हो सकता है, जब वहां के श्रमिक/मजदूर सुरक्षित और सम्मानित हों। यहां यह गौरतलब है कि इस दिवस की नींव सर्वप्रथम वर्ष 1886 में रखी गई थी, जब इस दिन को मनाने की मांग अमेरिका के शिकागो शहर में उठी, जब वहां के मजदूर अपने सम्मान और अधिकारों के लिए सड़क पर उतर आए थे। हालांकि, पहली बार मजदूर दिवस वर्ष 1889 में मनाने का फैसला लिया गया था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1886 से पहले अमेरिका में मजदूरों ने अपने हकों के लिए हड़ताल की। दरअसल ,मजदूरों की कार्य अवधि(काम के घंटों)को लेकर यह आंदोलन हुआ था, क्यों कि उस दौर में मजदूर 15-15 घंटे काम किया करते थे। आंदोलन के दौरान पुलिस ने मजदूरों पर गोलियां चलाईं , जिसमें कई श्रमिकों की जान चली गई और कई घायल हो गए। घटना के तीन साल बाद 1889 में अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें हर मजदूर की प्रतिदिन कार्य-अवधि 8 घंटे तय कर दी गई। वहीं एक मई को मजदूर दिवस के तौर पर मनाने का फैसला लिया गया। बाद में अमेरिकी मजदूरों की तरह ही दूसरे देशों में भी श्रमिकों के लिए 8 घंटे काम करने का नियम लागू कर दिया गया। यहां पाठकों को बताता चलूं कि पिछले साल मजदूर दिवस 2024 की थीम 'जलवायु परिवर्तन के बीच कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना' रखी गई थी, जिसमें मजदूरों को सामाजिक न्याय और सभ्य कार्य, उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य, डिजिटलीकरण और कार्य का भविष्य तथा कार्यस्थल पर लैंगिक समानता को शामिल किया गया था। कहना ग़लत नहीं होगा कि अंतरराष्ट्रीय मज़दूर दिवस हमें मज़दूरों और ट्रेड यूनियनों के संघर्षों और उपलब्धियों की याद दिलाता है। सच तो यह है कि यह सामाजिक आंदोलनों और मज़दूरों की बेहतर अधिकारों, सभ्य मज़दूरी और उचित व्यवहार की माँगों को दर्शाता है।उल्लेखनीय है कि भारत में पहला मजदूर दिवस समारोह वर्ष 1923 में चेन्नई (तब मद्रास) में लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान द्वारा आयोजित किया गया था। पाठकों को बताता चलूं कि इस दिन की शुरुआत चेन्नई में कम्युनिस्ट नेता सिंगारवेलु चेट्टियार ने की थी। उन्होंने मजदूरों के हक और अधिकारों की मांग को लेकर मद्रास हाई कोर्ट के सामने पहली बार मजदूर दिवस की सभा आयोजित की थी। इसी सभा में पहली बार भारत में 'मई दिवस' मनाया गया। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि मजदूरों को काम करने के अधिकार(पसंद का काम करने का अधिकार), भेदभाव के विरुद्ध अधिकार(समान कार्य,समान वेतन), न्यायोचित और मानवीय कार्य स्थितियाँ(कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा, उचित कार्य समय, और अवकाश का अधिकार), सामाजिक सुरक्षा(बेरोजगारी, बीमारी, और अन्य स्थितियों में), मजदूरी की सुरक्षा(समय पर और पूरी मजदूरी का भुगतान, और न्यूनतम मजदूरी का अधिकार), संगठित होने और ट्रेड यूनियन बनाने का अधिकार आदि प्रदान किए गए हैं। इतना ही नहीं, मजदूरों को कार्यस्थल पर गोपनीयता का अधिकार, शिकायतों का निवारण, और प्रबंधन में भागीदारी का अधिकार भी है। आज मशीनीकरण, औद्योगिकीकरण, तकनीक का युग है। आज भी मजदूरों को कम वेतन दिया जाता है,उनका शोषण किया जाता है और कठिन परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, जो कि सरासर ग़लत और मजदूरों के साथ घोर अन्याय है। मजदूरों के समर्पण, परिश्रम और योगदान का ही नतीजा होता है कि देश और समाज तरक्की के पथ पर अग्रसर होता है। मजदूर अपने कठिन परिश्रम से आम जनमानस के जीवन को आसान और सरल बनाते हैं, इसलिए देश और समाज निर्माण में उनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। वे किसी भी राष्ट्र के विकास के असली स्तंभ और धुरी होते हैं।अंत में अदम गोंडवी जी के शब्दों में बस यही कहूंगा कि -'वो जिसके हाथ में छाले हैं पैरों में बिवाई है,उसी के दम से रौनक आपके बंगले मे आई है।।'

# "हिंदी साहित्य की आँख में किरकिरी- स्वतंत्र स्त्रियाँ"

हिंदी साहित्य जगत को असल स्वतंत्र चेता प्रबुद्ध स्त्रियां अभी भी हजम नहीं होती। उन्हें वैसी ही स्त्री लेखिका चाहिए जैसा वह चाहते हैं। वह सॉफ्ट मुद्दों पर लिखे, परिवार, समाज, कुछ मनोविज्ञान, स्त्री-पुरुष संबंध। आधुनिकता का या आधुनिक स्त्री का पर्याय उनके लिए वह है कि बोल्ड लेखन कर सके, अश्लीलता को बोल्ड लेखन के नाम पर यह समाज स्त्री लेखिकाओं को खूब चढ़ाता है और उन्हें खूब बड़े-बड़े शब्दों से नवाज़ता है। यह सब वे स्त्री स्वतंत्रता के नाम पर करता है।

वे भ्रमित स्त्रियां भी घर परिवार का विरोध, संस्कृति का विरोध, विकृत यौनिकता के समर्थन को ही बोल्ड और आधुनिक मान उनके हाथ के कठपुतली बनी हुई इठलाती रहती हैं। अफ़सोस कि उन्हें पता ही नहीं होता कि वे कठपुतली हैं, उनसे जैसा चाहे वैसा लिखवाया जाता है और वह भी उन्हें आधुनिक, साहसी, बोल्ड, स्वतंत्र चेता, प्रबुद्ध शब्दों की चाशनी में लपेटकर। लिजलिजे साहित्य की रचना, विध्वंस, नकारात्मकता लिखना ही उन्हें बोल्ड और प्रबुद्ध कहलवाता है।

*हिंदी साहित्य जगत को असल स्वतंत्र चेता प्रबुद्ध स्त्रियां अभी भी हजम नहीं होती। उन्हें वैसी ही स्त्री लेखिका चाहिए जैसा वह चाहते हैं। वह सॉफ्ट मुद्दों पर लिखे, परिवार, समाज, कुछ मनोविज्ञान, स्त्री-पुरुष संबंध। आधुनिकता का या आधुनिक स्त्री का पर्याय उनके लिए वह है कि बोल्ड लेखन कर सके, अश्लीलता को बोल्ड लेखन के नाम पर यह समाज स्त्री लेखिकाओं को खूब चढ़ाता है और उन्हें खूब बड़े-बड़े शब्दों से नवाज़ता है। यह सब वे स्त्री स्वतंत्रता के नाम पर करता है। वे भ्रमित स्त्रियां भी घर परिवार का विरोध, संस्कृति का विरोध, विकृत यौनिकता के समर्थन को ही बोल्ड और आधुनिक मान उनके हाथ के कठपुतली बनी हुई इठलाती रहती हैं। अफ़सोस कि उन्हें पता ही नहीं होता कि वे कठपुतली हैं, उनसे जैसा चाहे वैसा लिखवाया जाता है और वह भी उन्हें आधुनिक, साहसी, बोल्ड, स्वतंत्र चेता, प्रबुद्ध शब्दों की चाशनी में लपेटकर। लिजलिजे साहित्य की रचना, विध्वंस, नकारात्मकता लिखना ही उन्हें बोल्ड और प्रबुद्ध कहलवाता है।*

**-प्रियंका सौरभ**

हिंदी साहित्य जगत के लिए आज भी स्वतंत्र चेतना वाली प्रबुद्ध स्त्रियाँ एक असहज कर देने वाला सच हैं। वे स्त्रियाँ जो अपनी स्वतंत्र बुद्धि की मालिक हैं, जो सोचती हैं, सवाल उठाती हैं, और झुकी हुई लेखिकाओं के पुराने सांचे में नहीं ढलतीं – वे साहित्यिक जमात को अब भी पचती नहीं हैं। आज भी उन्हें वैसी ही लेखिकाएँ चाहिए जो उनके निर्धारित खांचे में फिट बैठें। जो 'सॉफ्ट' मुद्दों पर लिखें – परिवार, समाज, थोड़ी सी मनोविज्ञान की बात, कुछ हल्के-फुल्के स्त्री-पुरुष संबंध।

जब हिंदी साहित्य के मंचों पर 'आधुनिकता' का जिक्र होता है, तो उसका भी एक निर्धारित ढांचा होता है। "आधुनिक" स्त्री लेखिका का मतलब उनके लिए वह है जो 'बोल्ड' हो – यानी अश्लीलता को 'बोल्ड लेखन' का नाम देकर परोसे। जिसे 'यौनिक स्वतंत्रता' के नाम पर उकसाया जाए – परिवार के विरोध, संस्कृति के उपहास और संबंधों की विकृति को ही आधुनिकता का पर्याय बताया जाए। और इस पूरी चालाकी को इतनी मिठास से लपेटा जाता है कि भ्रमित लेखिकाएँ स्वयं भी इस झूठ को सच मान बैठती हैं। वे गर्व से फूली नहीं समातीं कि वे कितनी 'बोल्ड', 'स्वतंत्र' और 'आधुनिक' बन गई हैं – जबकि वे महज़ उन साहित्यिक ठेकेदारों के हाथों की कठपुतली बन चुकी होती हैं, जो उन्हें अपनी सुविधा के अनुसार नचाते हैं। अफसोस, उन्हें कभी यह सवाल उठाने की फुर्सत नहीं होती – कि जिस स्वतंत्रता का पाठ उन्हें पढ़ाया जा रहा है, क्या वही पाठ उन पुरुष लेखकों ने अपनी घर की स्त्रियों को भी पढ़ाया है? साहित्यिक समाज की मानसिकता यह है कि स्त्री लेखन सीमित रहे – कोमल भावनाओं, सौंदर्य, प्रेम, विरह, या सॉफ्ट पोर्न के एक छुपे हुए दायरे में। यदि कोई स्त्री द्दद्वश्चश्चथ्द्यद्बह्लद्धष्ह्य, धर्म, दर्शन, अध्यात्म, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, समाजशास्त्र, राजनीति, शिक्षा, अर्थशास्त्र या नीतियों पर गंभीरता से लिखने का साहस करती है, तो वह असहज कर देती है। उनके मन में यह असहनीय बात घर कर जाती है कि "यह क्षेत्र तो पुरुषों के हैं।" स्त्रियों को बस शब्दों का श्रृंगार करना चाहिए – गहरे सवाल नहीं उठाने चाहिए। विचारों की गहराई, विश्लेषण की धार और बौद्धिक निर्भीकता – ये सब अभी भी हिंदी साहित्यिक परिदृश्य में 'पुरुषों का गढ़' माने जाते हैं।

जो स्त्री न किसी पुरस्कार की आकांक्षा में झुकती है, न किसी मंच के लालच में अपने विचारों से समझौता करती है, न किसी प्रसिद्ध आलोचक की कृपा-दृष्टि की भूखी होती है, जो स्त्री अपने विचारों, मूल्यों और चरित्र के प्रति सजग और अडिग है – वह हिंदी साहित्य जगत के लिए अब भी एक खतरनाक उपस्थिति है। ऐसी स्त्री का अपने खुद के विवेक की स्वामिनी होना, उसका स्वतंत्र होना – उन्हें डराता है, चिढ़ाता है, असहज कर देता है। वे उसे 'अहंकारी', 'असंवेदनशील', 'कट्टर' और 'अति-बुद्धिजीवी' जैसे तमगों से नवाज़ने लगते हैं, ताकि उसे हाशिए पर धकेला जा सके। लेकिन उनका सारा उपहास, सारी आलोचना उस स्त्री के लिए एक तुच्छ शोर मात्र है, जो जानती है कि उसका युद्ध बाहर के नहीं, बल्कि भीतर के अंधकार के विरुद्ध है।

यह विरोधाभास देखिए – जिन्होंने स्त्रियों को यौनिकता के नाम पर 'आधुनिकता' का पाठ पढ़ाया, वही अपने घर की स्त्रियों के लिए अब भी वही 'पवित्रता', 'मर्यादा', और 'परंपरा' की कसौटी लगाते हैं। उनके लिए 'बोल्डनेस' केवल बाहर की दुनिया की स्त्रियों के लिए है। घर की औरतें अब भी पर्दे में रहनी चाहिए, चुप रहनी चाहिए, विनम्र रहनी चाहिए।

जो स्त्रियाँ अपनी स्वतंत्रता को अश्लीलता में, अपनी आधुनिकता को आत्मवंचना में, और अपनी साहसिकता को पितृसत्तात्मक छद्म समर्थन में बेच आती हैं – वह असल में किसी क्रांति का हिस्सा नहीं बनतीं, बल्कि उस पितृसत्तात्मक साहित्यिक व्यवस्था की नई चेरी बन जाती हैं।

कठोर सत्य यह है कि – "स्त्री की मुक्ति" भी आज एक ब्रांड बन चुकी है। जिसका सौदा होता है, मंचों पर प्रदर्शन होता है, पुरस्कारों में बाँटा जाता है।

वास्तव में स्वतंत्र चेतना वाली स्त्री का विद्रोह बहुत सधा हुआ और अदृश्य होता है। वह अश्लील भाषा में नहीं, नकारात्मकता में नहीं, अपमानजनक बोल्डनेस में नहीं – बल्कि विचार की गहराई में, मुद्दों के सटीक विश्लेषण में, और अपनी लेखनी की ईमानदारी में प्रकट होता है। वह प्रेम पर लिखती है, तो उसमें करुणा की जटिलता को समझाती है। वह राजनीति पर लिखती है, तो सत्ता के मंथन में जनता की पीड़ा का चित्र खींचती है। वह धर्म पर लिखती है, तो अंधविश्वास और असहिष्णुता के जाल को तोड़ती है।

वह जानती है कि साहित्य का असली उद्देश्य सच्चाई का उद्घाटन है – न कि सत्ता, लालच और यौनिक बाज़ार के हाथों गिरवी बन जाना।

हिंदी साहित्य को अब यह स्वीकार करना होगा कि स्त्रियाँ केवल "सजावट" या "संवेदनशीलता" का प्रतीक नहीं हैं। वे अब सवाल भी पूछती हैं, विश्लेषण भी करती हैं, तोड़ती भी हैं और गढ़ती भी हैं। और सबसे महत्वपूर्ण – वे अब किसी के एजेंडे का मोहरा नहीं बनना चाहतीं।

वे अपनी सोच की, अपने कलम की, अपने भविष्य की स्वयं निर्माता बन चुकी हैं। यह बदलाव साहित्यिक समाज को जितनी जल्दी समझ आ जाए, उतना बेहतर होगा – वरना उनकी दुनिया में केवल कठपुतलियाँ नाचती रहेंगी, और स्वतंत्र चेतना वाली स्त्रियाँ इतिहास में अपने लिए नए रास्ते खुद बनाती रहेंगी।

"जब एक स्त्री अपनी आवाज़ उठाती है, तो वह केवल अपनी बात नहीं करती, वह पूरे समाज की चुप्पियों को चुनौती देती है।"

# सबसे अच्छी बात और सबसे बुरी बात



संजय पराते

यह दुख की बात है कि पहलगाम में पाक-प्रायोजित आतंकी हमले के बाद भाजपा और संघी गिरोह पूरे देश में मुस्लिम विरोधी माहौल बना रहा है। इसके नतीजे में जगह-जगह कश्मीरियों पर और मुस्लिमों पर हमले हो रहे है।

इस बात को साफ तौर पर समझने की जरूरत है कि हमारी असली लड़ाई पाकिस्तान के सत्ताधारियों और आतंकवादियों से है, मुस्लिमों से नहीं और न ही पाकिस्तान की उस जनता से, जो हमारी तरह ही बेरोजगारी, भूख, गरीबी, ज़हालत और सरकारी दमन की भट्टी में जल रही है। दोनों ओर की आम जनता की लड़ाई तो एक है, लेकिन दोनों ओर की सत्ताधारी पार्टियां अपने राजनैतिक स्वार्थों के लिए उसका इस्तेमाल कर रही है। इस आतंकी हमले के इतने दिनों बाद भी हमारे परिधान मंत्री के श्रीचरण कश्मीर में नहीं पड़े हैं। वे प्रचार मंत्री बनकर बिहार में आतंकवादियों को ललकार रहे हैं, पाकिस्तान पर गरज रहे हैं, लेकिन बरसेंगे कब, इसका किसी को अता-पता नहीं है। संघी मीडिया इस आतंकी हमले को हिंदुओं पर मुस्लिमों के हमले का रूप देने में लगा है। सबको पता है कि नफरत की जो फसल बोई जा रही है, बिहार चुनाव में कटेगी और संघ-भाजपा को सत्ता के और करीब ले जायेगी। पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ युद्ध छेड़ने की घोषणा भी इसी तरह की है। पूरे देश में युद्ध का उन्माद फैलाया जा रहा है, पुलवामा की तरह। तब भी संघी गिरोह इसी तरह गरजा था। उसने पाकिस्तान और आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने की कसमें खाई थीं, ठीक वैसी ही, जैसी पहलगाम मामले में खाई जा रही है। लेकिन पुलवामा की असलियत आज तक जनता के सामने नहीं आई, पुलवामा के आतंकी हमले की जिम्मेदारी आज तक मोदी सरकार ने स्वीकार नहीं की। ऐसा ही हाल पहलगाम पर हमले का होने वाला है।  भारत में अटल राज की कृपा से पाकिस्तान परमाणु संपन्न देश बन चुका है। संघी गिरोह की विदेश नीति हमेशा विफल रही है। मोदी राज भी इसी का प्रमाण है। आज हमारे देश की किसी भी पड़ोसी देश से अच्छी मित्रता नहीं है। इसलिए यदि हमारे न चाहने के बावजूद कोई युद्ध होता है, तो न चीन हमारा समर्थन करने वाला है और न अमेरिका हमारे साथ आने वाला है। भारत की सैन्य शक्ति पाकिस्तान पर कितनी भी भारी क्यों न हो, उसकी परमाणु संपन्नता उसे हमारी बराबरी पर ला खड़ा करती है। पिछले दस सालों में निजीकरण की नीतियों के कारण रक्षा उद्योग में हमने अपनी आत्मनिर्भरता खो दी है। हमने शोध और विकास पर जितना भी खर्च किया हैं, जितनी भी नई तकनीक ईजाद की है, वह मस्जिदों को खोदकर मंदिरों को ढूंढने के लिए तो कारगर है, लेकिन दुश्मन देश की सेनाओं का और उसकी सैन्य तकनीक का मुकाबला करने के लिए नहीं। गोदी मीडिया से परे की रिपोर्ट बता रही है कि पिछले दस सालों से हम मंदिर-मस्जिद, हिंदू-मुस्लिम का खेल ही खेलते रहे, पाकिस्तान उन्नत अस्त्र-शस्त्रों और तकनीक से लैस होता गया है। अपनी सेनाओं को अग्निवीरों को ठेके पर देने का नतीजा यह हुआ है कि जल, थल, वायु की तीनों सेनाएं नियमित और प्रशिक्षित सैनिकों की भारी कमी से जूझ रही है। युद्ध किसी का भला नहीं करता -- और युद्धरत देशों की आम जनता का भला तो करता ही नहीं। परमाणु संपन्न देशों की लड़ाई का नतीजा आम जनता के लिए सिवा तबाही के और कुछ नहीं होगा। लेकिन आम जनता की चिंता किसको है? दोनों ओर गद्दी की चिंता है। मोदी सरकार ने पाकिस्तान को पानी रोकने का जो फैसला लिया है, उससे न तो किसी आतंकी की और न ही किसी पाकिस्तानी नेता की नल की टोंटी सूखने वाली है। यह फैसला पाकिस्तान की जनता को प्यासा मारकर बदला लेने का फैसला है। हालांकि इस फैसले पर अमल उतना आसान नहीं है, जितना मोदी सरकार सोचती है। लेकिन इससे साफ हो जाता है कि मोदी सरकार के निशाने पर पाक सरकार और आतंकवादी नहीं, पाकिस्तान का हिन्दू-मुस्लिम अवाम है। इस फैसले के बदले में पाकिस्तान ने जो एयर स्ट्राइक की है, उसका हमारी देश की अर्थव्यवस्था पर तुरंत प्रभाव पड़ने जा रहा है। कुल मिलाकर, दोनों ओर के सत्ताधारियों के फैसले से महंगाई बढ़ने वाली है और बेरोजगारी और गरीबी भी ; यहां भी और वहां भी। आज युद्ध दोनों ओर के सत्ताधारियों की जरूरत है, सत्ता में बने रहने के लिए। देखना केवल यह है कि यह युद्ध किस रूप में होता है।  लेकिन क्या देश की जनता को विभाजित और कमजोर करके यह युद्ध लड़ा जाएगा? क्या भारत-पाकिस्तान युद्ध को देश के अंदर हिंदू-मुस्लिम युद्ध में बदलने की कोई तैयारी चल रही है? पिछले एक सप्ताह के घटनाक्रमों और उसमें सरकार और प्रशासन के हस्तक्षेप को देखा जाएं, तो ऐसा लगता है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध प्रत्यक्ष रूप से हो, चाहे न हो, लेकिन देश के मुस्लिमों के खिलाफ एक युद्ध छेड़ ही दिया गया है। संघी गिरोह एक ही सांस में 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' का नारा लगा रहा है, पुतले जला रहा है और उसी सांस में देश के मुस्लिमों के खिलाफ जहर उगल रहा है, उन पर हमले कर रहा है। भोपाल के हबीबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में नशे में धुत युवकों ने रेलवे पुलिस के हेड कांस्टेबल दौलत खान पर केवल उनके नाम की पट्टी देखकर उन पर हमला कर दिया। साफ है कि अब पुलिस और सैनिक भी संघी गिरोह के सांप्रदायिक हमलों से ऊपर नहीं है। अब स्थिति यह हो गई है कि एक हिंदू डॉक्टर अपने मुस्लिम मरीज का इलाज करने से मना कर रहा है। कितनी शर्मनाक बात है यह। संघी गिरोह के हमले से तो अब खुद संघ के प्रति निष्ठावान लोग भी नहीं बचे हैं। जनसत्ता के संपादक रहे राहुल देव की यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर तैर रही है -- "बेटी के साथ अपनी डीपी हटा दी है, उससे पूछकर, क्योंकि उसकी इच्छा से लगाई थी। फेसबुक सहित सोशल मीडिया पर 'राष्ट्रवादी सनातनी देशभक्तों' की अश्लील निगाहों और टिप्पणियों का शिकार बेटी अब और न बने इसलिए। इस संस्कारी प्रजाति के सदस्य किसी की मां, पत्नी, बेटी पर अपनी कुत्सा बरसाने में भी संकोच नहीं करते। यहीं आशा करता हूं कि वे अपने परिवार-परिजनों की महिलाओं को बख्श देते होंगे।" राहुल देव का संघ के प्रति झुकाव जग जाहिर है। लेकिन उससे क्या? नफरत और कुत्सा की राजनीति किसी को नहीं छोड़ती, न किसी मुस्लिम को, न हिन्दू को। सूरत के दंगों में गर्भ में खेल रहे उस अजन्मे बच्चे को भी नहीं, जिसकी मां के पेट में तलवार घुसेड़कर भ्रूण को तलवार की नोंक पर नचाया गया था। उसका अपराध केवल यही था कि वह किसी गैर हिंदू मां के पेट में पल रहा था। इस कुत्सा की आग हिंदुओं यह भी पहुंचनी ही थी, पहुंच रही है। राहुल देव के साथ मेरा भी सिर शर्म से झुका हुआ है, क्योंकि नाम से एक हिंदू पहचान के बावजूद मेरा भी मैसेंजर ऐसे ही धमकियों और गलियों से भरा पड़ा है और मैं ऐसे सभ्य सनातनियों के खिलाफ कुछ भी करने में असहाय हूं। राहुल जी का दुख और क्षोभ मेरा अपना है। भागलपुर, भिवंडी, मालेगांव, अलीगढ़, बनारस, मेरठ, मुरादाबाद, मुज़फ्फरनगर में हुए दंगों का इतिहास बताता है कि इन दंगों को आयोजित-प्रायोजित करने में भाजपा-संघ का कितना बड़ा हाथ था। ये सब दंगे मुस्लिमों की घरेलू अर्थव्यवस्था को तोड़ने और उनके उद्योगों पर हिंदू पूंजीपतियों का कब्जा कराने के उद्देश्य से किए गए थे, यह रहस्य की बात नहीं है। भाजपा राज में आज भी मुस्लिमों की आजीविका पर ही सुनियोजित रूप से हमले हो रहे हैं। दूसरी ओर, मालेगांव बम धमाका, समझौता एक्सप्रेस धमाका, मक्का मस्जिद धमाका आदि घटनाओं से इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि मुस्लिमों को आतंकवादी साबित करने के लिए संघी गिरोह ने खुद ही इन आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया था। सबूत इतने पुख्ते हैं कि मोदी के राज में, मोदी के अधीन काम करने वाली जांच एजेंसी, एनआईए को भाजपा की पूर्व सांसद और कथित साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और सात अन्य हिन्दुत्ववादी आतंकवादियों के लिए फांसी की सज़ा की मांग करनी पड़ी है। नफरत की राजनीति को पालते-पोसते ये इतने गिर चुके हैं कि खुद ही आतंकी बन चुके हैं और जिंदा बम बनकर घूम रहे हैं। ये सभी दंगे और आतंकी घटनाएं, जिसमें संघी गिरोह की सीधी संलिप्तता है, और उसका मुस्लिम-विरोध, अंतर्राष्ट्रीय प्रेक्षकों की नजर में है। इससे भाजपा और मोदी सरकार का आतंकवाद के खिलाफ लड़ने और पहलगाम पर हमला पाक-प्रायोजित होने का दावा कमजोर पड़ता है।  मोदी सरकार की इस कमजोरी का अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति के स्तर पर पाकिस्तान पूरा फायदा उठा रहा है। उसने अपनी ओर से पहलगाम की घटना की "निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच" करने की मांग की है, जिसे चीन ने अपना समर्थन दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 25 अप्रैल को सर्व-सम्मति से एक प्रस्ताव पारित करके पहलगाम में आतंकवादी हमले की निंदा की है, लेकिन इस हमले में पाकिस्तान और लश्कर-ए-तैयबा के हाथ होने के लगभग पुष्ट प्रमाणों के बाद भी प्रस्ताव में उसके नाम का उल्लेख नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के गर्जन-तर्जन के बावजूद प्रस्ताव पर इसका कोई असर नहीं दिखा है। ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका और रूस जैसे भारत के मित्र देशों ने भी भारत के पक्ष में कोई रुचि नहीं ली है। कूटनीति के स्तर पर यह भारत की पराजय ही है। ऐसी परिस्थितियों में किसी भी संभावित युद्ध की स्थिति में भारत को शायद ही किसी शक्तिशाली देश से सक्रिय समर्थन मिलेगा। अच्छी बात यही है कि पहलगाम की घटना के बाद भाजपा जिस तरह का सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करना चाहती थी, वह अभी तक नहीं हुआ है। अच्छी बात यह है कि कश्मीर की हिंदू और मुस्लिम जनता और उनका प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टियां और संस्थाएं आतंकवाद की इस घटना के खिलाफ खुलकर, एकजुटता के साथ खड़ी हुई है। अच्छी बात यह है कि कश्मीर की सभी मस्जिदों में हमारे मुस्लिम भाईयों ने आतंकवाद की निंदा करते हुए पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी है और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। अच्छी बात यह है कि इस भीषण आतंकी समय में कश्मीर के मुस्लिम परिवारों के दरवाजे हर हिंदू के लिए खुले हुए हैं। अच्छी बात यह है कि इस घटना से मानवीयता, संवेदनशीलता के कई ऐसे चमकदार उदाहरण सामने आए हैं, जिसने हिंदू-मुस्लिम एकता की भावना को नई धार दी है और दोनों कौमों के बीच भाईचारे के नए संबंध विकसित हुए हैं। अच्छी बात यह है कि बिना किसी देरी के कश्मीर में फिर से सैलानियों की बहार है। आतंकवादियों का असली उद्देश्य इसी पर्यटन उद्योग को कुचलना और हिंदू-मुस्लिम का सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करना था। लेकिन सबसे बुरी बात यह है कि संघी गिरोह किसी भी अच्छी बात से कोई सबक लेना नहीं चाहता और अपने चुनावी फायदे के लिए पूरे देश को सांप्रदायिक रूप से विभाजित करने की ही नीति पर चल रहा है। नफरत और सांप्रदायिकता के आधार पर विभाजित देश किसी भी प्रकार के हमले का सामना नहीं कर सकता -- न पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का और न अमेरिका प्रायोजित आर्थिक हमलों का। आज की सबसे बुरी खबर यह है कि संघ-भाजपा की सांप्रदायिक और साम्राज्यवादपरस्त नीतियों ने हमारे देश को कहीं का नहीं छोड़ा है।

# मजदूरों के महत्व को दर्शाता मजदूर दिवस



रमेश सर्राफ धमोरा

मजदूर दिवस मजदूरों के महत्व को दर्शाने का एक महत्वपूर्ण उत्सव है।  भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर ऐसा हो नहीं पाया है। भारत में 90 फीसदी मजदूर असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं जिनको सभी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। देश में श्रमिक वर्ग की संख्या संगठित व असंगठित क्षेत्र में 50 करोड़ से ज्यादा है।

भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरुआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगारवेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2025 में वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क की थीम है। स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांति, कार्यस्थल पर एआई और डिजिटलाइजेशन की भूमिका। इसका मतलब है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी  और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल कार्यस्थल को और ज्यादा सुरक्षित और सेहतमंद बनाने में किया जाएगा। स्मार्ट हेलमेट्स, सेफ्टी सेंसर, ऑटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम ये सब भविष्य की सुरक्षा के अहम हिस्से बनेंगे। यह थीम हमें इस बात के लिए तैयार करती है कि हम तकनीक का सही इस्तेमाल करते हुए कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित कर सकें।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने 'काम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था।

मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है।

हमारे देश के मजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़ पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है।

देश के कारखानो में काम करने वाले मजदूरो पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छटनी कर काम से हटा दे। कारखानो में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानो में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है।


कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरो की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियने अपना फर्ज भी निभाती है मगर उनकी संख्या कम है।

हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं।

मजदूर दिवस सिर्फ एक अवकाश का दिन न होकर श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का दिन है।  हमारे देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा। लेकिन मजदूरों के हालात तो आज भी नहीं बदले हैं तो फिर श्रमिक वर्ग किस लिये मजदूर दिवस मनायेगा।



# मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म 'सैयारा' में मुख्य भूमिका निभाएंगे अहान पांडे



यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी एक रोमांटिक फिल्म लेकर दर्शकों के बीच हाजिर होने वाले हैं। इस फिल्म का नाम 'सैयारा' होगा। मंगलवार को निर्माताओं ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए आधिकारिक घोषणा की। पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'उनकी प्रेम कहानी अद्वितीय है।' साथ ही उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया।

### अहान पांडे और अनीत पड्डा निभाएंगे मुख्य भूमिका

इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अहान पांडे मोहित सूरी की इस रोमांटिक ड्रामा से डेब्यू करने जा रहे हैं। अहान चंकी पांडे के भाई चिक्की पांडे के बेटे हैं। इससे पहले वह कई शॉर्ट फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। वहीं अनीत पड्डा वेब सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में नजर आ चुकी हैं। वह 2022 की फिल्म 'सलाम वेंकी' में भी नजर आ चुकी हैं। अब यशराज के बैनर तले बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू करने जा रही हैं।

### कब रिलीज होगी फिल्म

मोहित सूरी की इस रोमांटिक ड्रामा की काफी लंबे समय से चर्चा चल रही थी। हालांकि, आधिकारिक रूप से इसकी बहुत कम अपडेट सामने आई थी। अब निर्माताओं ने मुख्य अभिनेताओं के साथ इसके रिलीज की घोषणा भी कर दी है। फैंस को इसके लिए ज्यादा लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। फिल्म 18 जुलाई, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मोहित सूरी ने जहर, कलयुग, आवारापन जैसी सस्पेंस थ्रिलर फिल्में दी हैं। वह आशिकी 2, हमारी अधूरी कहानी और हाफ गर्लफ्रेंड जैसी रोमांटिक फिल्मों के लिए भी जाने जाते हैं। आखिरी बार उन्होंने 'एक विलेन रिटर्न्स' का निर्देशन किया था। अब वह एक और रोमांटिक लव स्टोरी 'सैयारा' लेकर आ रहे हैं।



# पूजा हेगड़े की आगामी जबरदस्त फिल्में, कई साउथ हीरो के साथ जमेगी जोड़ी

पूजा की शानदार एक्टिंग और लुक फैंस को हमेशा से ही आकर्षित करते आए हैं। उनकी आने वाली फिल्मों में पूजा का दमदार अभिनय दर्शकों का खूब मनोरंजन करने वाला है। फैंस इन फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पूजा की जोड़ी इन सुपरस्टार्स के साथ धूम मचाने वाली है।

### रेट्रो



फिल्म रेट्रो में पूजा सूर्या के साथ दिखेंगी। फिल्म का निर्देशन कार्तिक सुब्बाराज ने किया है और इसे 1 मई 2025 को रिलीज किया जाएगा। शूटिंग अंडमान, ऊटी, केरल और चेन्नई में हुई है। संगीत संतोष नारायणन ने दिया है। इस फिल्म का संभावित नाम पहले सूर्या 44 रखा गया था। रेट्रो को दुनिया भर के सिनेमाघरों में 1 मई 2025 को रिलीज की जाएगी।

### बिल्ला रंगा बाशा



पूजा कन्नड़ स्टार किच्चा सुदीप के साथ फिल्म बिल्ला रंगा बाशा में काम कर रही हैं। इसका निर्देशन अनूप भंडारी ने किया है। बीआरबी से पहले सुदीप ने एक्शन थ्रिलर मैक्स में अभिनय किया था, जो 25 दिसंबर, 2024 को रिलीज हुई थी।

### जना नायगन



फिल्म जना नायगन में पूजा एक्टर दलपति विजय के साथ नजर आएंगी। यह एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर है, जिसका निर्देशन विनोथ ने किया है। विनोथ द्वारा निर्देशित और केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित तमिल भाषा की राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। पूजा और दलपति विजय के अलावा फिल्म में बॉबी देओल, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज, नारायण, प्रियमणि, ममिता बैजू जैसे कई अहम कलाकार नजर आएंगे। पहले इस फिल्म का अस्थायी नाम दलपति 69 रखा गया था।

### कुली

पूजा साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म कुली में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है और इसे 14 अगस्त 2025 को रिलीज किया जा सकता है। शूटिंग चेन्नई, हैदराबाद, जयपुर और बैंकॉक में हुई है। संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। कुली, एक भारतीय तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में रजनीकांत और पूजा हेगड़े के अलावा नागार्जुन, उपेंद्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर जैसे कई कलाकार नजर आएंगे। पहले इस फिल्म का अस्थाई नाम थलाइवर 171 रखा गया था। कुली को दुनिया भर में 14 अगस्त 2025 को रिलीज किया जा सकता है।



# ग्राउंड जीरो में किरदार निभाने के लिए इन मुश्किलों से जूझे इमरान

इमरान काफी फिल्म ग्राउंड जीरो रिलीज हो चुकी है। फिल्म में इमरान के किरदार को काफी पसंद किया जा रहा है। इमरान ने खुलासा किया कि इस फिल्म में बीएसएफ कमांडेंट नरेंद्र नाथ धर दुबे का किरदार निभाने के लिए उन्हें कई चुनौतियों से गुजरना पड़ा। खास तौर पर उन्हें अपने खान-पान में बड़ा बदलाव करना पड़ा और कश्मीर की कठिन परिस्थितियों को अपने जेहन में उतारना पड़ा।

### जवान के किरदार के लिए खानपान में बदलाव

इस रोल की मांग थी कि वह एक फौजी की तरह फिट और मजबूत दिखें। बातचीत में इमरान ने बताया, इस किरदार के लिए मुझे सबसे ज्यादा दिक्कत एक ही चीज से हुई कि मुझे ज्यादा खाना पड़ा। एक जवान का रोल करने के लिए मुझे अपनी डाइट बढ़ानी पड़ी, क्योंकि शरीर को उस तरह का बल और ऊर्जा चाहिए थी, जो एक फौजी में दिखती है।

### इमरान ने शूटिंग के लिए बदली डाइट

इमरान ने आगे बताया कि यह उनके लिए आसान नहीं था। मैं आमतौर पर अपनी डाइट को नियंत्रित रखता हूं, लेकिन इस किरदार के लिए मुझे महीनों तक हाई-कैलोरी डाइट लेनी पड़ी। इसमें प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा बढ़ानी पड़ी, ताकि शरीर में वह ताकत और स्टैमिना आए, जो एक बीएसएफ अधिकारी के किरदार को विश्वसनीय बनाए। इसके साथ ही उन्होंने कठिन फिजिकल ट्रेनिंग भी की, जिसमें वेट लिफ्टिंग, कार्डियो और मिलिट्री-स्टाइल वर्कआउट शामिल थे। यह सब इसलिए जरूरी था, क्योंकि फिल्म में इमरान को एक्शन सीक्वेंस और कश्मीर की मुश्किल परिस्थितियों में शूटिंग करनी थी।

# क्या आलिया भट्ट बनने की राह पर बढ़ रही हैं अनन्या पांडे?



हाल ही में अनन्या पांडे, अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' में नजर आईं। इस फिल्म में एक्ट्रेस के किरदार को भी सराहा गया। फिल्म की कहानी में वह जलियांवाला बाग हत्याकांड का केस लड़ने वाले सी शंकरन नायर के साथ ही एक वकील की भूमिका में दिखीं। यह फिल्म अनन्या की इमेज बदलने का काम भी कर रही है। साथ ही ऐसा लग रहा है कि अनन्या, आलिया भट्ट के रास्ते पर आगे बढ़ रही हैं, अपने करियर को आलिया की तरह ही बनाना चाहती हैं। जानिए, ऐसा किन कारणों से कहा जा सकता है?

### फिल्मों के चयन में बदलाव दिखने लगा

साल 2019 में अनन्या पांडे ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से करियर शुरू किया। एक्टिंग के मामले में वह इसमें काफी कमजोर नजर आईं। फिर वह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो (2019)' में दिखीं, इसमें भी अनन्या का किरदार कुछ हटकर नहीं था। लेकिन साल 2022 में 'गहराइयां' जैसी फिल्म में वह दीपिका पादुकोण के सामने खड़ी नजर आईं। इस फिल्म में अनन्या ने खुद की एक्टिंग को भी थोड़ा बेहतर किया। इसी साल 'लाइगर' भी की। साल 2023 में अनन्या ने फिल्मों के चुनाव में बदलाव शुरू किया, 'ड्रीम गर्ल' जैसी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म की तो 'खो गए हम कहां' जैसी अलग सब्जेक्ट वाली फिल्म में दिखीं। इस तरह साल 2024 में भी 'कंट्रोल' नाम की फिल्म की, 'कॉल मी बे' जैसी वेब सीरीज की। 'कंट्रोल' जैसी फिल्म में सोशल मीडिया के बुरे असर को दिखाया गया, फिल्म में अनन्या की एक्टिंग भी निखरी हुई से लगती हैं। अब वह ' केसरी 2' में नजर आ रही हैं, जिसमें आजादी से पहले की एक वकील का किरदार कर रही हैं।

अनन्या के करियर ग्राफ को ध्यान से देखें तो पता चलता है कि वह हल्के किरदारों से करियर शुरू करती हुई गंभीर, संजीदा किरदारों को निभाती हुई दिख रही हैं। ऐसा ही आलिया भट्ट ने भी अपने करियर में किया है। आलिया ने भी 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से करियर शुरू किया और 'हाइवे', 'गंगूबाई काठियावाड़ी', 'राजी' और 'जिगरा' जैसी फिल्मों में नजर आईं। इन्हीं फिल्मों के बीच वह रोमांटिक कॉमेडी फिल्में भी करती रहती हैं, 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी इस बात का उदाहरण है। देखा जाए तो एक एक्ट्रेस के रूप में आलिया धीरे-धीरे निखरती गईं। अनन्या भी ऐसा ही करती दिख रही हैं, वह भी अपने फिल्मों के चयन में संतुलन बना रही हैं। 'केसरी 2' करने के बाद वह 'चांद मेरा दिल' जैसी रोमांटिक फिल्म करेंगी।

### आलिया से तुलना पर खुश अनन्या

सोशल मीडिया पर भी अनन्या पांडे के लिए कहा जाता है कि वह अगली आलिया भट्ट हैं। इस तारीफ से अनन्या भी काफी खुश होती हैं। वह इस बात को एक कॉम्पिलमेंट की तरह देखती हैं। कई इंटरव्यू में भी अनन्या ने कहा है कि वह आलिया भट्ट की तरह की अलग-अलग जॉनर की फिल्में करना चाहती हैं। अनन्या और आलिया में एक बात और कॉमन है, दोनों को ही करण जौहर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' की फिल्मों से बॉलीवुड में लॉन्च किया था।

# जेलर 2 में हुई फहाद फासिल की एंट्री



सुपरस्टार रजनीकांत एक बार फिर निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार के साथ फिल्म जेलर के सीक्वल जेलर 2 के लिए काम कर रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा ने ही फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। अब इस फिल्म में एक और साउथ अभिनेता का नाम जुड़ गया है। खबर के अनुसार, फिल्म जेलर 2 की शूटिंग अभी केरल में चल रही है, जिसमें रजनीकांत जी तोड़ से मेहनत कर रहे हैं। खबर है कि मलयालम स्टार फहाद फासिल भी इस फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होनी अभी बाकी है। प्रशंसक उन्हें रजनीकांत के साथ देखने के लिए उत्साहित हैं। वैसे रजनीकांत के प्रशंसकों का मानना है कि यह तमिल सिनेमा की पहली ऐसी फिल्म हो सकती है जो 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई करे। फिल्म में रजनीकांत के अलावा राम्या कृष्णन, मिरना, शिवा राजकुमार जैसे कलाकार अहम भूमिका में नजर आएंगे। वहीं अब फिल्म में फहाद फासिल का नाम जुड़ने से फिल्म को लेकर प्रशंसकों की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। यह फिल्म बड़े स्तर पर बनाई जा रही है। वादा करती है।



# इंडस्ट्री में आउटसाइडर्स को भी मौके मिलने चाहिए, अभी बड़े मौके सिर्फ इनसाइडर्स को मिलते हैं

संदीपा धर, जिन्होंने इसी लाइफ में से बॉलीवुड में डेब्यू किया, दबंग 2 और हीरोपंती में छोटी भूमिकाओं के बाद इम्तियाज अली की सीरीज डॉक्टर अरोड़ा से चर्चा में आईं। अपने करियर के उतार-चढ़ावों, इंडस्ट्री में नेपोटिज्म, रिश्तों में भरोसे के महत्व और जेन जी के बदलते प्यार के तरीकों पर उन्होंने खुलकर बात की।

**इंडस्ट्री में अपने डेढ़ दशक के सफर को कैसे देखती हैं। अब तक का सबसे मुश्किल दौर कौन सा रहा?**

मुश्किल दौर तो खत्म ही नहीं होता है। जिंदगी ऐसी है, जहां हर रोज आपके सामने कोई ना कोई चैलेंज होता है। मुझे लगता है कि शाहरुख खान का भी हर रोज सॉर्टेड नहीं होता है। आप अलग-अलग लेवल पर अलग चैलेंज का सामना करते हैं। इस सफर में मेरा नब्बे फीसदी वक्त सेल्फ डाउट में निकला कि मैं ये कर पाऊंगी या नहीं? मैंने सही फैसला लिया या नहीं लिया? लेकिन मेरा मानना है कि अगर आप सच में किसी चीज के लिए पैशनेट हैं और कड़ी मेहनत से नहीं डरते तो किसी ना किसी तरह से यूनिवर्स आपकी मदद करती है। थोड़ा वक्त लगेगा, पर वो होगा। बस थोड़ा धैर्य रखो और खुद को समझो। सोशल मीडिया के झोंके में मत बहो। अपनी जिंदगी की दूसरों से तुलना मत करो, क्योंकि सबकी अपनी जर्नी है। सबकी परिस्थितियां अलग हैं। कंपैरिजन हमारी सबसे बड़ी दुश्मन है। हमारी इंडस्ट्री में ऐसा बहुत होता है कि ये लगता है कि उसको रोल मिल गया, मुझे क्यों नहीं मिला। नहीं यार, वो उसकी किस्मत में था, जब आपकी बारी आएगी तो आपको मिलेगा। मैं इसी सोच के साथ आगे बढ़ी हूं।

**अक्सर लोग तुलना में फंस जाते हैं। नेपोटिज्म आदि पर दोष मढ़ते हैं!**

यह तो सच है कि कुछ लोगों को मौके ज्यादा मिलते हैं, यह सब जानते हैं। उनकी जहां से शुरुआत होती है, हम वहां तक पहुंचना चाहते हैं। ये फैक्ट है, मगर आप क्या करोगे। ये जिंदगी की हकीकत है तो आप उसे कबूल करके आगे बढ़ेंगे या शिकायत करते रहेंगे। मेरा मानना है कि इंडस्ट्री को इस पर काम करना चाहिए। आउटसाइडर्स को भी मौके मिलने चाहिए क्योंकि अभी बड़े मौके सिर्फ इनसाइडर्स को मिल रहे हैं। आउटसाइडर्स को उसके लिए बहुत ज्यादा संघर्ष करते रहना पड़ता है। हालांकि, उसमें भी एक बड़ी खूबसूरती है। अगर आपने स्ट्रगल नहीं किया तो आप उस तरह के कलाकार बन ही नहीं पाओगे। जैसे, पंकज त्रिपाठी, जयदीप अहलावत, इन सबका इतना लंबा संघर्ष रहा है, तभी वे सब इतने कमाल के ऐक्टर हैं।

**आजकल प्यार के रिश्ते बड़े नाजुक हो गए हैं। जेन जी के जमाने में बेंचिंग, घोस्टिंग, सिचुएशनशिप जैसी चीजें आम हो गई हैं। आपके लिए रिश्ते में सबसे अहम चीज और सबसे बड़ा रेड फ्लैग क्या है?**

मेरे लिए रिश्ते में सबसे अहम है, भरोसा। अगर आप किसी लड़के पर भरोसा नहीं करते तो उसके साथ रिश्ता नहीं निभा सकते। जो लड़के झूठ बोलते हैं ना, छोटी-छोटी बातों पर, वे सबसे बड़े रेड फ्लैग है क्योंकि अगर वह छोटी बातों में झूठ बोल रहा है तो बड़ी बातों में तो सौ फीसदी झूठ बोलेगा। मुझे ये भी लगता है कि इन जेन जी को हमने काफी बदनाम कर दिया है, क्योंकि आखिर में वे भी प्यार चाह रहे हैं, बस तरीका बदल गया है। आज एक्सपोजर इतना ज्यादा है, चॉइसेज इतनी ज्यादा हो गई हैं कि कोई इन बच्चों को सिखा ही नहीं रहा है कि एक रिलेशनशिप की नींव कैसे बनाते हैं। सब कुछ बहुत फास्ट हो गया है। ब्रेकअप बड़े अजीब वजहों से हो रहे हैं क्योंकि किसी में धैर्य ही नहीं है। आपको मानकर चलना होगा कि अगर दो लोग एक रिश्ते में हैं तो आपकी सोच अलग होगी।

**अगर आप प्यार का प्रोफेसर होतीं तो खुद को इम्प्रेस करने के क्या स्टेप सिखातीं?**

आप सच्चे रहो। वो बनने की कोशिश ना करो जो आप नहीं हैं। हम मात तब खा जाते हैं, जब कुछ और बनने की कोशिश करते हैं। आप अच्छे या बुरे, जो हैं वो दिखा दो। मुझे बहुत अच्छा लगता है, जब लोग जैसे हैं, वैसे ही बिहेव करते हैं। जैसे, अगर आप इंग्लिश में बात करने में सहज नहीं हैं तो हिंदी में बात करो। पता नहीं हमारे दिमाग में ऐसा क्यों है कि हम इंग्लिश में बात करेंगे, तभी पढ़े-लिखे दिखेंगे। ऐसा कुछ नहीं है यार। हम हिंदुस्तान में रहते हैं, हमें अपनी भाषा में बात करनी चाहिए। भारत इकलौता देश है, जहां हम अपनी भाषा को उतनी अहमियत नहीं देते हैं। बाकी, आप यूरोप के किसी भी देश में जाओ, वे अपनी ही भाषा में बात करेंगे, तो मुझे इंप्रेस करने के लिए ऑथेंटिक रहना बहुत जरूरी है।

**आपके आने वाले प्रॉजेक्ट्स कौन से हैं?**

यह साल मेरे लिए बहुत अहम है। मैंने दो बड़ी स्पेशल फिल्में की हैं जो इस साल रिलीज होंगी। एक के बारे में मैं बात नहीं कर सकती, मगर दूसरी लक्ष्मण उतेकर सर की फिल्म है। इसमें सनी कौशल और निम्रत कौर हैं। उसकी शूटिंग खत्म की है और मुझे बहुत मजा आया। फिल्म में मेरा रोल बहुत कमाल का है।

## कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस

# वेदांता आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स एवं स्मार्ट टेक के माध्यम से उद्योग जगत में सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत







जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली** कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के मौके पर वेदांता लिमिटेड ने आधुनिक टेक्नोलॉजी द्वारा समर्थित पूर्वानुमानित एवं समावेशी सुरक्षा पहलों के माध्यम से सुरक्षा-उन्मुख संस्कृति के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। कंपनी ने अपने संचालन में ओद्यौगिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कई आधुनिक तकनीकों जैसे आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स (एआई)- उन्मुख मॉनिटरिंग सिस्टम, ड्रोन्स, फटीक डिटेक्शन सिस्टम, स्मार्ट हेलमेट और टेली-रिमोट ऑपरेशन्स को तैनात किया है।
कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के विश्व दिवस 2025 की थीम इस बात पर केंद्रित है कि डिजिटलाइजेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का कार्यस्थल की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। जैसे-जैसे एआई, रोबोटिक्स, एक्सोस्केलेटन और रिमोट वर्क जैसी तकनीकों का इस्तेमाल बढ़ रहा है, वे नई संभावनाओं के साथ कुछ चुनौतियाँ भी ला रही हैं।
भारत में वेदांता का ज़िंक कारोबार वर्चुअल रिएल्टी (वीआर) आधारित विंडर ट्रेनिंग सिमुलेटर सिस्टम को अपनाने वाला देश का पहला कारोबार है। यह सिस्टम मटीरियल एवं मैनपावर मुवमेन्ट के लिए इस्तेमाल होने वाले शाफ्ट (लिफ्ट) के काम करने के तरीके की नकल करता है। कंपनी वीआर-आधारित अंडरग्राउंड व्हीकल सिमुलेटर पेश करने वाली भी भारत की पहली कंपनी है, यह सिमुलेटर कर्मचारियों को खानों में वाहन चलाने के लिए प्रशिक्षण देता है।
वेदांता के एलुमिनियम कारोबार ने अपने संचालन में मटीरियल एक्स्ट्रैशन से पहले जांच के लिए भी ड्रोन तैनात किए हैं। कंपनी के ऑयल एण्ड गैस वर्टिकल की बात करें तो वेदांता ने प्रमुख लोकेशनों पर एआई कैमरा से युक्त एआई सेफ्टी सर्विलान्स मॉनिटरिंग सिस्टम अपनाया है, जिसके परिणामस्वरूप मानवीय प्रयासों में 80 फीसदी कमी आई है और साथ ही सुरक्षा भी बढ़ी है। वेदांता शार्क टैंक इंडिया के प्रतिभागी जर्श सेफ्टी के साथ मिलकर काम कर रही है, इस स्टार्टअप ने ऐसे स्मार्ट सेफ्टी वियरेबल्स बनाए हैं जो उष्मा के तनाव को कम कर विभिन्न उद्योगों में कनेक्टिविटी में सुधार लाते हैं।
वेदांता अपने संचालन में सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां हर व्यक्ति कार्यस्थल पर सुरक्षा के लिए ज़िम्मेदार है। कंपनी ने 'कम्युनिटी ऑफ प्रेक्टिस' और सुरक्षा समितियों का गठन किया है, जो सुरक्षा प्रयासों के कार्यान्वयन का अवलोकन करते हैं। 'विज़िबल-फेल्ट लीडरशिप' के दृष्टिकोण के साथ बिज़नेस सीएक्ओ से उम्मीद की जाती है कि वे अपने कार्यक्षेत्रों में सुरक्षा के सर्वोच्च स्तर को सुनिश्चित करें तथा कर्मचारियों एवं बिज़नेस पार्टनर्स के लिए रोल मॉडल की भूमिका अपनाएं। टेक्नोलॉजी, मानव-मशीन इंटरैशन को सीमित कर इस तरह के प्रयासों को बढ़ावा देने में मुख्य भुमिका निभाती है तथा निवारक सुरक्षा के उपायों को सुनिश्चित करती है। ऐसे कुछ उदाहरण हैं
वेदांता का प्रॉपराइटरी टी-पल्स प्लेटफॉर्म मुख्य संचालन क्षेत्रों में रियल टाईम में सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स का उपयोग करता है।
एआई डिटेक्ट, एरिया सुपरवाइज़र के साथ सुरक्षा में सुधार के शॉर्ट वीडियो साझा करता है और रियल टाईम डैशबोर्ड क माध्यम से प्रक्रिया पर निगरानी रखता है।
लाईव ऑडियो-विज़ुअल कनेक्टिविटी से युक्त स्मार्ट हेलमेट कर्मचारियों को रियल टाईम में विभिन्न कार्यप्रवाह के लिए मार्गदर्शन देते हैं।
फटीक डिटेक्शन सिस्टम, ड्राइवर के थकने पर निगरानी रखता है और उसे नींद आने पर एलर्ट करता है, जिससे वाहन की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।
स्मेल्टर्स में कम्प्यूटर विज़न- संचालित लेडल मॉनिटरिंग, संचालन में बाधा होने पर, संचालन को रोक देता है।
सेरेमिक सेंसर्स भट्टी के भीतर तापमान बदलने पर निगरानी रखते हैं और ऑयल एवं गैस कारोबार में रिसाव की संभावना का पूर्वानुमान लगाते हैं।
एचएमवी और एलएमवी सिमुलेटर्स फील्ड पर तैनात किए जाने से पहले ड्राइवरों को डिजिटल तरीकों से सिखाते हैं।
वेदांता लिमिटेड के एक प्रवक्ता ने कहा, ''वेदांता में हमारा मानना है कि सुरक्षा का भविष्य इनोवेशन, समावेशन एवं इरादे पर निर्भर करता है। एआई, स्मार्ट सिस्टम, लोग-उन्मुख नेतृत्व को अपनाकर हम न सिर्फ इस जोखिम के लिए प्रतिक्रिया करते हैं बल्कि इसका पूर्वानुमान लगाकर इसे रोकते भी हैं। कम ऐसा कार्यस्थल बनाना चाहते हैं जो न सिर्फ उत्पादक हो बल्कि बेहद सुरक्षित, स्वस्थ एवं भविष्य के लिए तैयार भी हो।''
वेदांता अपने कार्यस्थल पर सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं जैसे अग्नि एवं बचाव प्रशिक्षण में निरंतर निवेश कर रही है। बड़ी संख्या में अनुबंधित एवं अस्थायी कर्मचारियों को देखते हुए यह और भी ज़रूरी हो जाता है, जो कम समय के लिए या किसी विशेष काम के लिए कंपनी के साथ जुड़ते हैं। गौरतलब है यह भारत की पहली ऐसी कंपनी है जिसके पास सभी महिलाओं से युक्त भूमिगत खदान बचाव दल और अग्निशामक दल हैं।
व्यवसायिक स्वास्थ्य के लिए वेदांता का दृष्टिकोण भी समग्र है। हर ऑपरेशनल टाउनशिप में अस्पतालों से लेकर कॉम्प्लीमेंटरी सालाना जांच, बीमा, मानसिक स्वास्थ्य काउन्सलर्स की उपलब्धता तक, कंपनी अपने कर्मचारियों की स्वास्थ्य संबंधी सभी ज़रूरतों को पूरा करती है। वे बुनियादी चिकित्सा सेवाओं से लेकर ओंकोलोजी सेंटर, बालको मेडिकल सेंटर में कैंसर केयर तक सभी आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथॉन, वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथॉन, वेदांता ज़िंक सिटी हाफ मैराथॉन, स्पोर्ट्स टूर्नामेन्ट, सभी सुविधाओं से युक्त जिम, स्विमिंग पूल और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों में फिटनैस को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।
वेदांता अपने संचालन के दायरे से बढ़कर भी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी अग्नि सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा और यहां तक कि शारीरिक सुरक्षा एवं आत्म-रक्षा पर प्रशिक्षण प्रोग्रामों के माध्यम से स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाती है।
वेदांता ग्रुप महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा एवं टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर है, जो जिसका विविध पोर्टफोलियो है। यह दुनिया में ज़िंक की सबसे बड़ी एकीकृत उत्पादक, सिल्वर की तीसरी सबसे बड़े उत्पादक है, दुनिया में एलुमिनियम के टॉप उत्पादों में से एक है। भारत की एकमात्र निजी ऑयल एवं गैस उत्पादक है तथा सबसे बड़े निजी विद्युत उत्पादकों में से एक है। भविष्य की बात करें तो कंपनी दुर्लभ धातुओं, महत्वपूर्ण खनिजों एवं नवीकरणीय ऊर्जा में प्रवेश के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रही है।

# गोदरेज ने कॉम्पैक्ट पर्सनल रूम कूलर 'एज मिनिकूल' पेश किया

### अगले साल एयर कूलर श्रेणी सेगमेंट में 50% वृद्धि का लक्ष्य




**भारत** भीषण गर्मियों और उपभोक्ताओं की बहुआयामी घरेलू कूलिंग जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, गोदरेज एंड बॉयस के अप्लायंसेज़ बिज़नेस, जो गोदरेज एंटरप्राइज़ेस ग्रुप का हिस्सा है, ने एयर कूलर सेगमेंट में अपनी नवीनतम पेशकश श्वस्रद्दद्ध स्ब्रद्बद्धष्थश्च लॉन्च की है, जो एक कॉम्पैक्ट पर्सनल कूलर है। यह प्रोडक्ट पोर्टेबल, आकर्षक और प्रभावी कूलिंग समाधान की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गोदरेज का एज मिनिकूल एक पतला, कॉम्पैक्ट और सुविधाजनक पर्सनल एयर-कूलर है, जिसे बेहतर कूलिंग के लिए घर में कहीं भी ले जाया जा सकता है। इसमें 37 लीटर क्षमता वाला एक पानी का टैंक है, जिसमें वाटर लेवल इंडिकेटर है, और एक इन-बिल्ट आइस चैंबर भी है, जो खास तौर पर गर्म दिनों में अतिरिक्त ठंडक प्रदान करता है। इसका 5-ब्लेड वाला एयरोडायनामिक 12" पंखा शक्तिशाली एयर थ्रो सुनिश्चित करता है और बेहतर कूलिंग के लिए 3-साइड एयर सक्शन द्वारा समर्थित है। स्वास्थ्य और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसमें पूरी तरह से फोल्ड होने वाले लॉवर्स और एंटी-बैक्टीरियल, बिना गंध वाले हनीकॉम्ब कूलिंग पैड्स हैं, जो ताज़ी और साफ़ हवा प्रदान करते हैं। टिकाऊ डिज़ाइन में पंप और फैन मोटर के लिए ओवरहीटिंग से सुरक्षा शामिल है, और इसमें ब्रेक के साथ मज़बूत कैस्टर व्हील्स हैं, जिससे इसे कहीं भी ले जाना आसान हो जाता है। गोदरेज एंटरप्राइज़ेस ग्रुप के अप्लायंसेज़ बिज़नेस के बिज़नेस हेड और ईवीपी श्री कमल नंदी ने इस नए लॉन्च पर कहा, "गर्मियों के दौरान बढ़ते तापमान के कारण उपभोक्ताओं के घरों में एक से अधिक, कुशल और किफायती कूलिंग समाधानों की तत्काल आवश्यकता है। 100 लीटर तक के मजबूत एयर कूलर प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ, एज मिनिकूल की लॉन्चिंग के साथ, हम अपने कूलिंग पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं ताकि आधुनिक व जगह की चिंता करने वाले उपभोक्ताओं के लिए कॉम्पैक्ट और पोर्टेबल विकल्प उपलब्ध हो सकें। वित्त वर्ष 2024-25 में हमने एयर कूलर कैटेगरी में 2ङ्ग ग्रोथ दर्ज की है, और अगले वर्ष इसमें 50% ग्रोथ का लक्ष्य रखा है।" गोदरेज एज मिनिकूल की यह मेड इन इंडिया रेंज आकर्षक वाइन रेड और डार्क ग्रे रंगों में उपलब्ध है, जिसकी शुरुआती कीमत भारत भर के स्टोर्स में 10,490 रुपये है। यह 1 साल की व्यापक वारंटी के साथ आता है और इसे जीरो डाउन पेमेंट और आसान श्वरू ऑफ़र के साथ खरीदा जा सकता है।

# पैट केयर ब्राण्ड ज़िगली ने वर्ल्ड वेटेरीनेरी दिवस के मौके पर पशु चिकित्सकों एवं सहयोगी स्टाफ को सम्मानित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया






जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली** भारत के पहले टेक-इनेबल्ड ओमनीचैनल पैट केयर ब्राण्ड ज़िगली (कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड) ने 'वर्ल्ड वेटेरीनेरी दिवस' के अवसर पर देश भर के पशु चिकित्सकों एवं सहयोगी स्टाफ को सम्मानित करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अनूठी राष्ट्रव्यापी पहल का आयोजन कई राज्यों में स्थित ज़िगली के सेंटरों में किया गया, जहां पशुओं की देखभाल करने वाली टीमों को सम्मानित किया गया। ये वे लोग हैं जो निःस्वार्थ भाव से पशुओं के कल्याण और देखभाल के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। ज़िगली के सेंटरों में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सकों एवं सपोर्ट स्टाफ को फूल देकर तथा केक काटकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके अलावा ज़िगली की लीडरशिप टीमों ने व्यक्तिगत रूप से पैट केयर पार्टनर्स को धन्यवाद दिया तथा पैट्स के परिवारों का भरोसा जीतने, उन्हें उत्कृष्ट देखभाल प्रदान करने में उनकी भूमिका को सराहा। 'ज़िगली में हर पशु चिकित्सक, टेकनिशियन और सपोर्ट मेंबर- पैट्स और उनके परिवारों के प्रति हमारे वादे को पूरा करने में योगदान देता है। हमारी यह टीम पूरी सहानुभुति के साथ उन्हें चिकित्सा एवं देखभाल सेवाएं प्रदान करती है। आज का यह कार्यक्रम इस टीम के हर सदस्य के प्रति आभार व्यक्त करने का हमारा तरीका है, जो हर दिन इस वादे को निभाते हैं।' कोस्मो फर्स्ट के ग्रुप सीईओ श्री पंकज पोद्दार ने कहा। 'कौशल, उत्कृष्टता एवं सहानुभुति को सम्मानित करने के विशेष प्रयास में ज़िगली ने तीन श्रेणियों में हाथ से लिखी शैली में 'सराहना प्रमाणपत्र दिए। पहली श्रेणी के तहत उपभोक्ताओं के वोट्स के आधार पर उन प्रोफेशनल्स को 'द मोस्ट लव्ड वैड अवॉर्ड' दिया गया, जिन्होंने पैट पैरेंट्स के साथ भरोसे का मजबूत रिश्ता बनाया है। इसी तरह सहकर्मियों एवं मैनेजर्स द्वारा किए गए नामांकन के आधार पर दूसरा पुरस्कार 'वैट एक्सीलेन्स अवॉर्ड' उन प्रोफेशनल्स को दिया गया जो चिकित्सकीय उत्कृष्टता एवं सही मायनों में सहानुभुति का प्रदर्शन करते हैं। अंत में उन पशु चिकित्सकों को 'लॉन्ग सर्विस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया, जो ज़िगली के मिशन के अनुरूप तीन साल या इससे अधिक समय से पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। पैट्स की देखभाल के लिए टीम में काम करना ज़रूरी होता है, इसी के मद्देनज़र ज़िगली ने वैट नर्सों, रिसेप्शन स्टाफ एवं असिस्टेन्ट्स के योगदान पर भी रोशनी डाली, जो पैट्स की समग्र देखभाल में बुनियादी भूमिका निभाते हैं। ये वेटेरीनेरी जगत के गुमनाम हीरो हैं, ज़िगली ने पशुओं की देखभाल एवं कल्याण के लिए इनकी प्रतिबद्धता को भी सराहा। ज़िगली के देश भर में कई एक्सपीरिएंस सेंटर हैं जो दिल्ली, गुरूग्राम, नोएडा, बैंगलोर, सिकंदराबाद, लखनऊ, जयपुर, इंदौर, देहरादून, चण्डीगढ़, पंचकुला और लुधियाना में हैं। यह पैट केयर प्लेटफॉर्म अन्य बड़े शहरों में भी नए स्टोर्स की ओपनिंग के साथ अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रहा है।

# कुमार मंगलम बिड़ला को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया




**मुंबई** आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित कुमार मंगलम बिड़ला ने मुंबई में एक समारोह में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से प्रतिष्ठित लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार प्राप्त किया। कुमार मंगलम को भारत की विकास गाथा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में यह पुरस्कार दिया गया। पिछले पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गायिका आशा भोसले और अभिनेता अमिताभ बच्चन शामिल हैं। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष, कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा हम सबकी चहेती भारत रत्न लता जी के नाम से जुड़ा यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत गर्व की बात है। और जब ये सम्मान मंगेशकर परिवार की ओर से मिले, तो वो और भी खास हो जाता है। आज जब दुनिया मार्गदर्शन की तलाश में है, भारत अपनी जड़ों से जुड़कर भविष्य की ओर आत्मविश्वास से बढ़ रहा है। मैं पूरे विश्वास से कहता हूँ कि यह भारत का समय है – ऐसे समय में भारत के सबसे प्रतिष्ठित व्यापार समूहों में से एक का नेतृत्व करना मेरे लिए गर्व का विषय है। कुछ स्वर ऐसे होते हैं जो पूरे देश के दिल को छू जाते हैं। लता मंगेशकर का स्वर ऐसा ही था–हम सबकी ज़िंदगी का एक अहम हिस्सा। लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार की स्थापना 2022 में दिवंगत महान गायक की याद में मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान द्वारा की गई थी, जो मंगेशकर परिवार द्वारा 35 वर्षों से अधिक समय से संचालित एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट है।

# इस अक्षय तृतीया सोनाटा पेश करते हैं 'सोनाटा गोल्ड' वॉचेज़, सोने के उपहार को दिया नया आयाम

### शानदार वॉच कलेक्शन जो 22 कैरट गोल्ड पीस के आकर्षण के साथ आधुनिक कारीगरी का बेहतरीन संयोजन है




जयपुर टाइम्स

**नेशनल** भारत में घड़ियों के सबसे पसंदीदा ब्राण्ड सोनाटा लेकर आए हैं सोनाटा गोल्ड- सोच-समझ कर डिज़ाइन किया गया स्टाइलिश कलेक्शन जो हमारे लिए गोल्ड यानि सोने के अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा। सोनाटा गोल्ड, सोने के प्रति आपके लगाव को दर्शाने का नया और बोल्ड तरीका है- जो न सिर्फ परम्परा का साथ निभाएगा, बल्कि आपका अपना स्टाइल स्टेटमेन्ट भी बन जाएगा। अक्षय तृतीया का त्योहार आ रहा है, जिसे समृद्धि एवं सकारात्मक शुरूआत का प्रतीक माना जाता है, इसी के मद्देनज़र पेश किया गया कलेक्शन सोनाटा गोल्ड, सोने के उपहार को नया दृष्टिकोण प्रदान करता है। इस कलेक्शन की हर घड़ी के डायल में 0.15 ग्राम का 22 कैरट तनिष्क गोल्ड कॉयन है, एक शानदार डीटेल जो कारीगरी, विरासत एवं डिज़ाइनिंग को दर्शाता है। यह कलेक्शन उन लोगों के लिए बेहतरीन है, जिन्हें बारीकी से तैयार किए गए डिज़ाइन खूब लुभाते हैं। इन घड़ियों का स्लीक केस डिज़ाइन, गोल्ड कॉयन से युक्त लैकर्ड हाई-पॉलिश ब्लैक डायल और असली लैदर का स्ट्रैप इसे बेहद आकर्षक और खास बनाता है। इस नई पेशकश पर बात करते हुए श्री प्रतीक गुप्ता, ब्राण्ड हैड, सोनाटा ने कहा, ''सोनाटा गोल्ड सिर्फ एक घड़ी नहीं बल्कि एक अनुभव है। हम कुछ ऐसा बनाना चाहते थे, जो प्रीमियम अहसास दे, सदाबहार होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हो। ये घड़ियां उन लोगों के लिए हैं जो डिज़ाइन को महत्व देते हैं- ये आपके और आपके प्रियजनों के लिए सोने की सशक्त अभिव्यक्ति है। इस कलेक्शन में पुरूषों एवं महिलाओं के लिए डिज़ाइन किए गए बेहद भव्य दो वेरिएन्ट हैं, जिनकी कीमत रु 5695 से रु 5995 के बीच है। तो सोनाटा गोल्ड त्योहारों के इस सीज़न एक बेहतरीन उपहार है, फिर चाहे इसे आप अपने लिए खरीदना चाहते हैं या अपने किसी प्रियजन को उपहार में देना चाहते हैं। यह कलेक्शन www.sonatawatches.in, ऑथोराइज़्ड रीटेलरों, टाइटन वर्ल्ड और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन के खिलाफ एफआईआर खारिज की

### शिकायत को 'कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग' माना जाता है

### शिकायतकर्ता के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता दी जाती है

जयपुर टाइम्स

**बेंगलुरु** कर्नाटक हाईकोर्ट ने इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन और अन्य के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने शिकायत को "कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग" करार दिया और शिकायतकर्ता के खिलाफ आपराधिक अवमानना ??कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता प्रदान की। 16 अप्रैल को आदेश पारित करने वाले जज हेमंत चंदनगौदर ने कहा कि यह शिकायत "याचिकाकर्ताओं को परेशान करने का एक कष्टप्रद प्रयास" है। यह एफआईआर भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के पूर्व संकाय सदस्य डी. सन्ना दुर्गाप्पा द्वारा दर्ज की गई निजी शिकायत पर आधारित थी, जिन्हें यौन उत्पीड़न के आरोपों की आंतरिक जांच के बाद 2014 में बर्खास्त कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि 2015 में हाईकोर्ट में चुनौती दिए जाने के बाद बर्खास्तगी को इस्तीफे में बदल दिया गया था। उस समय समझौते के तहत दुर्गाप्पा ने संस्था और उसके प्रतिनिधियों के खिलाफ सभी शिकायतें और कानूनी कार्यवाही वापस लेने पर सहमति व्यक्त की थी। इसके बावजूद, उन्होंने दो और एफआईआर दर्ज कीं, जिनमें से दोनों को 2022 और 2023 में रद्द कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि वर्तमान एफआईआर में भी इसी तरह के आरोप हैं और यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए क्रिस गोपालकृष्णन ने कहा, "मुझे हमारी कोर्ट और न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। यह फैसला इस बात की पुष्टि करता है कि कानूनी प्रावधानों के दुरुपयोग के लिए निष्पक्ष और न्यायपूर्ण प्रणाली में कोई जगह नहीं है। मैं आभारी हूं कि माननीय हाईकोर्ट ने झूठ को पहचाना और सच्चाई को बरकरार रखा।" कोर्ट ने आगे कहा कि आरोपों में एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत कोई अपराध शामिल नहीं है, तथा यह इंगित किया कि मामला मूलतः दीवानी प्रकृति का था, लेकिन इसे गलत तरीके से आपराधिक रंग दे दिया गया।
हाईकोर्ट ने क्रिस गोपालकृष्णन और अन्य याचिकाकर्ताओं को दुर्गाप्पा के खिलाफ आपराधिक अवमानना ??कार्यवाही शुरू करने की अनुमति के लिए महाधिवक्ता से संपर्क करने की भी अनुमति दी है।

## आए दिन हो रहे पैंथर के हमले से दहशत



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** आरोली गांव में पैंथर द्वारा लगातार किए जा रहे बछड़ों के शिकार से ग्रामीण खौफजदा हैं।रणजीत सिंह चौहान के बाड़े में घुसे पैंथर ने मंगलवार को एक बछड़े को मार दिया वहीं दो दिन पहले दो बछड़ों का शिकार किया था।15 दिन पहले रणजीत के बेटे पर भी पैंथर ने हमला किया।साथ ही पिछले महीने भी पैंथर ने 2 बछड़ों को मार दिया था।रणजीत सिंह ने बताया कि आए दिन हो रहे पैंथर के हमले से परिवार दहशत में हैं।वन विभाग को भी कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## कस्तूरचंद बने रेगर महासभा तहसील अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं.)।** अखिल भारतीय रेगर महासभा अध्यक्ष बीएल नवल और अखिल भारतीय रेगर महासभा भीलवाड़ा ज़िलाध्यक्ष कैलाश देवत्वाल द्वारा अखिल भारतीय रेगर महासभा के कार्यो को गति प्रदान करने और सुनिश्चित ढंग से संचालित करने हेतु कस्तूर चन्द रेगर को अखिल भारतीय रेगर महासभा बिजौलियां तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया ।

## नागरिक विकास सेवा समिति के अध्यक्ष पद पर मानवेन्द्र शेखावत निर्वाचित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विद्याधर नगर सेक्टर-9 स्थित नागरिक विकास सेवा समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव रविवार, 27 अप्रैल को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। यह संस्था एक पंजीकृत सामाजिक संगठन है, जो क्षेत्रीय विकास और नागरिक कल्याण के लिए कार्यरत है। चुनाव में मानवेन्द्र शेखावत ने 71 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी मनीष अग्रवाल को 37 मत प्राप्त हुए। कुल मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में मानवेन्द्र शेखावत को शुभकामनाएं देने वालों का तांता लग गया। जवान सिंह, सुमित चतुर्वेदी, अरविन्द शेखावत, संतोष गुप्ता, सुवालाल कुमावत, दिलीप यादव, रोहित कुमावत, बजरंग अग्रवाल, विकास बगाड़ी, गौरव पारीक, दीपक शर्मा, अशोक ढाका, कमल शर्मा, पंकज खंडेलवाल और प्रवीण सैनी ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज करने पर मानवेन्द्र शेखावत को बधाई दी और संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि वे समिति को और अधिक सक्रिय एवं जनहितकारी बनाएंगे।

## देवर्षि नारद जयंती और पत्रकार सम्मान समारोह 13 मई को

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वीएसके फाउंडेशन, जयपुर के तत्वावधान में देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 13 मई 2025 (मंगलवार) को किया जाएगा। यह कार्यक्रम पाथेय भवन, मालवीय नगर, जयपुर स्थित नारद सभागार में आयोजित होगा। फाउंडेशन की निदेशक डॉ. शुचि चौहान ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संपादक हितेश शंकर होंगे। कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही सर्वश्रेष्ठ रिपोर्ट पैकेज तैयार करने वाले पत्रकारिता के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मान के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। इसमें जयपुर प्रांत (जिसमें जयपुर, टोंक, दौसा, करौली, अलवर, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, झुंझुनू, सीकर, चूरू सहित अन्य जिले शामिल हैं) के पत्रकार प्रविष्टियां भेज सकते हैं। सम्मान हेतु पत्रकारों को 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच किए गए अपने सर्वश्रेष्ठ कार्यों की जानकारी देनी होगी। ये कार्य समाचार, स्टोरी, वीडियो, पेपर कटिंग या लिंक के रूप में हो सकते हैं, जिनमें सामाजिक सरोकारों से जुड़ा योगदान झलकता हो। सम्मान तीन श्रेणियों- प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और डिजिटल मीडिया में प्रदान किए जाएंगे। प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तिथि 8 मई है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पत्रकारिता के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से रिपोर्ट पैकेज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें पत्रकारिता संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकेंगें। सर्वश्रेष्ठ रिपोर्ट पैकेज तैयार करने वाली टीम को समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## 2 देशों की सरहद के बीच आई मानवता, पाकिस्तानी पिता की बेटी को भारत में रहने की मिली इजाजत

श्रीगंगानगर

**(एजेंसी)।**भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच श्रीगंगानगर जिले के जैतसर में अपने गांव आई डेढ़ साल की पाकिस्तानी बच्ची को उसकी भारतीय मां के साथ भारत में ही रहने की अनुमति दे दी गई है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने भारत में शॉर्ट टर्म वीजा पर आए सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने के निर्देश दिए थे। इस आदेश के चलते देशभर में पाक नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जा रहा था, इसमें श्रीगंगानगर की डेढ़ साल की बच्ची भी शामिल है, जो अपनी मां के साथ यहां रही थी। भारत सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए डेढ़ साल की पाकिस्तानी बच्ची को उसकी भारतीय मां के साथ भारत में ही रहने की अनुमति दे दी गई है।

# निर्धन कन्याओं का सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आखातीज को चतुर्थ सर्वजातीय सामूहिक विवाह सतीश भाटिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गौशाला में आयोजित किया गया। जिसमें निर्धन परिवार के 9 वर वधु का विवाह करवाया गया। 09 वरो की निकासी पुरुषार्थी धर्मशाला अशोका टॉकीज से प्रातः 10.30 बजे घोड़ियों पे डी. जे. ढोल, बैंड बाजों सहित रवाना करवाई गई ओर बारात पूरे बाजारों में से होती हुई 12.30 बजे गौशाला स्टेशन रोड अलवर पर पहुची। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय शर्मा (वन एवं पर्यावरण मंत्री राजस्थान सरकार), अध्यक्षता अशोक गुप्ता (जिला अध्यक्ष भा.ज.पा.), विशिष्ट अतिथि प्रमोद विजय (उपाध्यक्ष भा.ज.पा.) रहे। जिन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद एवं प्रमाण पत्र भी दिए। अतिथि व ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं कन्या पक्ष के परिवारजन बारात का स्वागत क्रमशः किया गया। स्वागत के पश्चात तोरण रिती सम्पन्न करवाई गई। इसके पश्चात अतिथि के सामने वर वधु के वरमाला का कार्यक्रम करवाया गया। वरमाला के पश्चात हिंदू रीति रिवाज से फेरे करवाए गए। 9 जोड़ो के लिए अलग अलग ब्राह्मण मौजूद थे और एक मुख्य ब्राह्मण भी थे। इसके पश्चात अतिथि एवं प्रत्येक नवविवाहित परिवार के लोगों को भोजन करवाया गया और कन्याओ को घरेलू जरूरत का सामान उपहार स्वरूप दिया गया। सार्वजनिक गौशाला में विवाह की समस्त व्यवस्था की ट्रस्ट द्वारा की गई थी। बारात का स्वागत प्रमोद विजय, अशोक





गुप्ता, सतीश भाटिया, अजय अग्रवाल, चरणजीत सुनेजा, ओमप्रकाश कुकरेजा, प्रेम गांधी, राजेंद्र आहूजा, जोगेंद्र सिंह कोचर, के.एल. अरोड़ा, गिर्राज बाली, बलदेव मल्होत्रा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियो ने किया। इसी कार्यक्रम के दौरान गौशाला अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने गौशाला में पानी की कमी होने के कारण मंत्री से बोरिंग की मांग की तो तुरंत मंत्री ने बोरिंग लगवाने की घोषणा की जिस पर अजय अग्रवाल ने मंत्री का आभार व्यक्त किया।

# डॉ. भावना यादव हत्याकांडः रिश्तेदार पर ही शक, पेट्रोल की बोतल और जले कपड़े बरामद

जयपुर टाइम्स

**बहरोड़/हिसार(निसं.)।।** हरियाणा के हिसार में जली हुई हालत में अस्पताल लाई गई राजस्थान की डॉक्टर भावना यादव (25) की मौत के मामले में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पुलिस जांच में यह मामला हत्या की ओर इशारा कर रहा है। डॉक्टर को अस्पताल पहुंचाने वाला युवक उदेश यादव, जो उनका दूर का रिश्तेदार है, इस केस में मुख्य संदिग्ध है। घटना के बाद से वह फरार है। घटना 23 अप्रैल की है, जब डॉक्टर भावना एमसीआई कोचिंग का टेस्ट देने दिल्ली गई थीं। वे बहरोड़ की रहने वाली थीं और फिलीपींस से एमबीबीएस करने के बाद पीजी की तैयारी कर रही थीं। 23 अप्रैल की रात 11.30 बजे उन्होंने आखिरी बार परिजनों से फोन पर बात की। इसके कुछ घंटों बाद उदेश ने उनकी मां को कॉल कर बताया कि भावना जल गई हैं और हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा गया है कि उदेश सुबह 8.43 बजे भावना को गंभीर हालत में लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां भर्ती कराने के बाद वह किसी से बात करता और फिर कॉल करता दिख रहा है। इसके बाद वह अस्पताल से गायब हो गया। पुलिस ने जब हिसार स्थित उसके फ्लैट पर छापा मारा तो वहां पेट्रोल की बोतल, जले हुए कपड़े और संदिग्ध सामान बरामद हुआ। डीएसपी तनुज शर्मा ने बताया कि उदेश इस मामले में प्राइम सस्पेक्ट है और डॉक्टर भावना के साथ लगातार संपर्क में भी था। पुलिस ने डॉक्टर का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है और कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं। डॉक्टर भावना के भाई ने सोमवार को हिसार एसपी शशांक कुमार से मुलाकात कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस की टीमें उदेश यादव की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। भावना यादव ने 2023 में फिलीपींस से एमबीबीएस किया था और उन्हें हाल ही में एक हॉस्पिटल से 10 लाख रुपये के पैकेज का ऑफर मिला था, जिसे उन्होंने पीजी की तैयारी के लिए ठुकरा दिया था। इस मामले ने महिला सुरक्षा और मेडिकल स्टूडेंट्स की सुरक्षा को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस इसे हत्या मानकर जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी को पकड़ने का दावा कर रही है।

# पेट की जगह छाती में थी किडनी, 5-सेमी की पथरी निकाली

### दिल और फेफड़ों के नजदीक थी, ट्यूब डालकर किए टुकड़े; दावा-राजस्थान में ऐसा पहला केस

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में किडनी से 5 सेमी (50 मिमी) की पथरी निकाली गई। चौंकाने वाली बात यह है कि महिला की किडनी पेट की बजाय छाती में थी। किडनी में यह पथरी दिल और फेफड़ों के बिल्कुल नजदीक थी। डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन में पीसीएनएल तकनीक का इस्तेमाल किया। इस विशेष तकनीक में एक ट्यूब के जरिए पथरी के टुकड़े कर उन्हें सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। ऑपरेशन में करीब 3 घंटे से ज्यादा समय लगा। डॉक्टरों का कहना है कि एक ही बार में इतनी बड़ी पथरी निकालना और वह भी इस जटिल स्थिति में अत्यंत दुर्लभ है। मरीज की जान का भी खतरा था। डॉक्टरों का दावा है कि राजस्थान में इस तरह का यह पहला केस है।




**पेट की जगह छाती में थी किडनी**

एसएमएस हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विभाग के सीनियर यूरोलॉजिस्ट डॉ. नीरज अग्रवाल ने बताया- नागौर की 35 वर्षीय महिला के पेट में दर्द की शिकायत पर जांच की गई तो डॉक्टर भी हैरान रह गए। महिला की बायीं किडनी जन्म से ही पेट की जगह छाती में दिल और फेफड़ों के नजदीक स्थित थी, जिसमें बड़ी पथरी थी। इस दुर्लभ स्थिति को इंट्राथोरेसिक किडनी कहा जाता है। नागौर, जयपुर और अजमेर के कई अस्पतालों ने किडनी की असामान्य स्थिति के कारण ऑपरेशन से मना कर दिया था।

**जटिल ऑपरेशन हुआ सफल**

डॉक्टर नीरज अग्रवाल ने बताया कि तीन घंटे से अधिक चले ऑपरेशन में सीटी स्कैन की मदद से फेफड़ों के पास स्थित किडनी तक पहुंचने का सुरक्षित मार्ग बनाया गया। छाती की नसों, फेफड़ों और दिल की धमनियों को बचाते हुए परक्यूटेनियस नेफ्रोस्टोमी (पीसीएन) ट्यूब सफलतापूर्वक डाली गई।

# साथ पढ़ने वाली नाबालिग से 2 लड़कों ने रेप किया, कोर्ट ने 20 साल जेल भेजा

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।**12वीं क्लास में पढ़ने वाले 2 नाबालिगों ने अपने साथ पढ़ने वाली नाबालिग लड़की के साथ रेप कर दिया। पहले किताब लेने के बहाने के घर में गए और अश्लील तस्वीरें ले ली। इसके बाद देर रात उसे खेत में बुला कर बारी-बारी रेप किया। घर से गायब हुए गहनों के बारे में जब परिजनों ने नाबालिग से पूछताछ की तो उसने पूरा मामला बता दिया। मामले में कोर्ट ने 2 आरोपियों को 20-20 साल की सजा सुनाई है। आरोपियों के 21 साल की उम्र पूरा होने तक उन्हें सम्प्रेषण गृह में भेजने के आदेश दिए हैं। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। मामला झुंझुनूं का है, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम और पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश इसरार खोखर ने दोनों आरोपियों पर 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जो पीड़ित प्रतिकार स्कीम के तहत नाबालिग को दे दिया जाएगा।

### किताब लेने घर आए थे दोनों

सरकारी वकील सुरेंद्र सिंह भाबू ने बताया कि नाबालिग के पिता विदेश में रहते हैं और वहीं काम करते हैं। नाबालिग यहां अपने परिवार के साथ रहती थी। 22 सितंबर 2021 को वह घर पर अकेली थी। इस दौरान दो छात्र उससे किताब मांगने के बहाने घर आए थे। इस दौरान उन्होंने नाबालिग के साथ जबरन अश्लील तस्वीरें ले ली। इसके बाद उसे धमकाने लगे और फोटो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देने लगे।

### मां के गहने भी ले गए

सरकारी वकील ने बताया कि दोनों आरोपी नाबालिग को डरा कर उसकी मां के गहने भी बक्से में से निकाल कर ले गए थे। धमकी देकर गए थे कि अगर आगे से उनकी बात नहीं मानी तो वे सारे फोटोज सोशल मीडिया पर डाल देंगे। सरकारी वकील ने बताया कि इसके बाद 25 सितंबर 2021 को एक आरोपी ने धमकाकर देर रात 11 बजे उसे घर के बाहर बुलाया। वहां दूसरा आरोपी भी मौजूद था। इसके बाद दोनों उसे बाइक पर बैठा कर घर से दूर खेतों में ले गए।

वहां दोनों ने नाबालिग के साथ बारी-बारी रेप किया। नाबालिग उन्हें रोकती रही लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद दोनों ने एक साथ उसके साथ रेप कर उसे घर छोड़ दिया।

इसके बाद भी दोनों उसे परेशान करते रहे। इस दौरान घर पर गहने चोरी होने की बात चल गई। जब परिजनों ने नाबालिग से पूछताछ की तो उसने पूरी कहानी बता दी।

## जयपुर से दिल्ली जा रही फ्लाइट रनवे से लौटी, तकनीकी खराबी से यात्रियों की फजीहत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** एयरपोर्ट पर बुधवार को दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट 1199 में तकनीकी खराबी के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। फ्लाइट को दोपहर 12.45 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन यह अपने निर्धारित समय से 20 मिनट देरी से रनवे पर पहुंची। टेक ऑफ का समय 1.05 बजे तय था, लेकिन विमान रनवे पर मूवमेंट के बाद अचानक रोक दिया गया। इसके बाद यात्रियों को तीन घंटे से ज्यादा समय तक फ्लाइट में ही बैठाए रखा गया। दोपहर करीब ढाई बजे फ्लाइट का एसी बंद कर दिया गया, जिससे फ्लाइट के अंदर गर्मी और घुटन के चलते यात्री नाराज़ हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। एयरलाइन प्रबंधन ने यात्रियों को तकनीकी खराबी की जानकारी दी और शाम 5 बजे वैकल्पिक फ्लाइट देने का आश्वासन दिया, लेकिन तय समय तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। इससे 180 से ज्यादा यात्री जयपुर एयरपोर्ट पर अब भी फंसे हुए हैं और अगली सूचना का इंतजार कर रहे हैं।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसलाः विवेकानंद स्कॉलरशिप की E3 कैटेगरी पर रोक, 25 लाख से ज्यादा आय वाले नहीं पाएंगे फायदा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने विदेश में पढ़ने वाले छात्रों को दी जा रही विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत श्व3 कैटेगरी (25 लाख से ज्यादा वार्षिक आय वाले परिवार) में अगली किस्त जारी करने पर रोक लगा दी है। यह फैसला जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने याचिकाकर्ता मनजीत देवड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनाया। अदालत ने टिप्पणी की कि स्कॉलरशिप का उद्देश्य गरीब और मेधावी छात्रों की मदद करना है, लेकिन वर्तमान में पैसे वाले और प्रभावशाली लोगों के बच्चों को भी इस योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिससे असली हकदार वंचित रह जाते हैं। कोर्ट ने कहा कि यह जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग है और सरकार इस सच्चाई को छुपा रही है। हाईकोर्ट ने सरकार से अगली सुनवाई तक यह स्पष्ट करने को कहा है कि इ3 कैटेगरी को पूरी तरह रद्द क्यों न कर दिया जाए। साथ ही 17 अप्रैल को दिए निर्देशों के तहत तीनों कैटेगरी (इ1, इ2, इ3) के लाभार्थियों की सूची और उनके अभिभावकों की जानकारी कोर्ट में पेश करने के आदेश भी दिए। यह योजना पूर्ववर्ती गहलोत सरकार द्वारा शुरू की गई थी, जिसे वर्तमान भजनलाल सरकार ने नया नाम दिया। योजना के तहत हर साल अधिकतम 50 लाख रुपये तक की स्कॉलरशिप दी जाती है। इसके माध्यम से विदेश में 300 और देश में 200 छात्र उच्च शिक्षा के लिए भेजे जाते हैं।

## हाईकोर्ट में सरकारी वकील की जगह निजी वकील ने की बहस, कोर्ट ने उठाए सवाल- सरकार से जवाब तलब

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट में एक सरकारी मामले की सुनवाई के दौरान बड़ा मामला सामने आया, जब सरकार की ओर से नियुक्त अधिवक्ता की जगह एक निजी वकील ने पैरवी शुरू कर दी। यह मामला न्यायमूर्ति गणेश राम मीणा की अदालत में सुनवाई के दौरान उजागर हुआ, जब अदालत ने वकील से पूछा कि क्या वे सरकारी अधिवक्ता हैं जवाब में वकील ने बताया कि वे अतिरिक्त राजकीय अधिवक्ता के 'बीहाफ' पर बहस कर रहे हैं। इस पर अदालत ने सरकार से सख्त लहजे में पूछा, "क्या कोई भी वकील सरकार की ओर से अदालत में बहस कर सकता है?" अदालत ने इसे गंभीर माना, क्योंकि मामला अंतिम सुनवाई की स्थिति में था और सरकारी वकील की गैरमौजूदगी में किसी बाहरी वकील का बहस करना नियमों का उल्लंघन है। सरकार की ओर से प्रमुख शासन सचिव (विधि) ने कोर्ट में शपथ पत्र प्रस्तुत कर स्पष्ट किया कि सरकारी अधिवक्ता की जगह कोई अन्य अधिवक्ता बहस नहीं कर सकता, जब तक कि उसे सरकार द्वारा अधिकृत न किया गया हो। केवल तारीख लेने या नोटिस रिसीव करने जैसे कार्यों के लिए ही सहायक वकील अधिकृत होते हैं, बहस के लिए नहीं। सरकार ने बताया कि संबंधित सरकारी वकील से इस लापरवाही पर जवाब तलब किया गया है, और यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में जारी सर्कुलर का उल्लंघन हुआ है। सरकार ने मामले से जुड़े सभी निर्देश और सर्कुलर कोर्ट में पेश किए।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू (राज0)**

क्रमांक- एफ.34 (1)() निर्वा/नपा/वार्ड पुन./2025/582 दिनांक- 28.04.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक एफ.10 () चुनाव /जन / स्वाशा./2024/1624 दिनांक 13.02.2025, 2301-41 दिनांक 19.02.2025, 5651-5690 दिनांक 18.03.2025 एवं 11175-11190 दिनांक 17.04.2025 में दिये निर्देशानुसार व स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान - जयपुर की अधिसूचना क्रमांकः प.10 (न.पा.) (गठन)()डीएलबी/25/ 8861 दिनांक 27.3.2025 द्वारा चूरू जिले में नवगठित नगरपालिका साहवा में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर 20 वार्डो का परिसीमांकन/वार्डो का पुनर्गठन होना है। वार्डो के परिसीमन उपरान्त प्रस्ताव नियमानुसार राज्य सरकार से अनुमोदन करवाया जाना है। उक्त अधिसूचना की पालना में नगरपालिका साहवा में 20 वार्डो के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं, जिनके सीमांकन का वार्डवार विवरण निम्नांकित स्थानों पर चस्पा किया गया है

1. नोटस बोर्ड कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू
2. नोटिस बोर्ड, कार्यालय, उपखण्ड अधिकारी, तारानगर
3. नोटिस बोर्ड कार्यालय नगरपालिका, साहवा

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 28.04.2025 को नगरपालिका, साहवा के वार्डों का प्रारूप प्रकाशन किया जाता है तथा नवगठित वार्डो के पुर्नगठन एवं परिसीमांकन से संबंधित किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 29.04.2025 से 05.05.2025 तक कार्यालय नगरपालिका, साहवा/उपखण्ड अधिकारी, तारानगर में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है ।

(अभिषेक सुराणा)
जिला कलक्टर,चूरू

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर**

क्रमांक- 91 दिनांक- 17/04/2025

**ई - निविदा सूचना सं. 02/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत सी. सी. सड़क निर्माण कार्य हेतु कुल 2 कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी.डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी । ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट सकता है। SPPP पर eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा अपलोड PWD252640165 के UBN No. निम्न प्रकार है-

| S.No. | UBN No | S.No. | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSRC00505 | 2 | PWD2526WSRC00507 |

5463/2025

(राजेन्द्र कुमार सैनी)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड- सरदारशहर

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
01 मई, 2025


## अलका चाहर प्राचार्य पद पर पदोन्नत, किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नानीबाई जैपुरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डावा की भूगोल व्याख्याता अलका चाहर के प्रधानाचार्य के पद पर प्रमोशन होने के उपलक्ष्य पर बुधवार को स्टाफ की ओर से सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य उर्मिला कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अलका चाहर के मण्डावा रहते कार्यकाल की तारीफ की गई। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों ने अलका को प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र प्रदान कर अभिनन्दन किया। इस दौरान उप प्राचार्य अरूणा अरड़ावतिया, आरपी सिंह, विजेन्द्र सिह, सरोज, चेतना, कमला, जयश्री, आमिना बानो, राजेश कुमार, विनोद कुमार, सुनिता, सलमा बानो आदि मौजूद रहे।

## देशभक्त मुसलमानो का सम्मान करें- शोकत




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नगर मंडल मंडावा शहर की ओर से बुधवार को नागोरी हाउस में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के नगर मंडल अध्यक्ष अकरम नागोरी की अगुआई में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष भारतीय नागरिकों को खि़रदत ए अकीदत पेश की। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शोकत अली चोहान ने कहा कि देश भक्त मुसलमानों का सम्मान करना चाहिए। केंद्र की मोदी सरकार आतंकवाद को जड़ मूल से खत्म करने के लिए कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें ताकि पाकिस्तान के नापाक इरादों पर लगाम लग सके। इस अवसर पर मोर्चे के जिला महामंत्री रुस्तम अली कांट, लुकमान खान गंगीयसर, हाजी अब्दुल रहमान मोम, इब्राहिम रंगरेज, भाजपा नेता मो अय्यूब खत्री, इस्लामुद्दीन रंगरेज, हनीफ महँसरिया, मोती खान टाई सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अक्षय तृतीया के अवसर पर लगाए परिंडे



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** शाकंभरी रोड पर स्थित आनंद श्री चेतना केंद्र में अक्षय तृतीया के अवसर पर बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए और उनके रख रखाव व नियमित पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आनंद चेतना केंद्र के संचालक डॉ लोकेश सिंह शेखावत, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थानीय संचालिका ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन, गायत्री कुमारी, राजपाल, संजय, मामराज, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

## परशुराम जन्मोत्सव महोत्सव के दूसरे दिन महाआरती व दीपोत्सव



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ(निस)।** लक्ष्मणगढ़ परशुराम जन्मोत्सव समिति व विप्र समाज की ओर से तीन दिवसीय परशुराम जन्मोत्सव महोत्सव के तहत बुधवार को दूसरे दिन अक्षय तृतीय के अवसर पर शहर के सप्त ऋषि भवन में भगवान परशुराम जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर परशुराम जन्मोत्सव समिति के मनोज मिश्रा, संदीप नेता, प्रदीप पारीक, विष्णु खांडल, ललित पुरोहित सहित गौड़ब्रह्मण सेवा संस्थान के अध्यक्ष दीनदयाल जोशी, गौड़ ब्राह्मण सेवा संस्थान के मीडिया प्रभारी कमल सुरोलिया, अवनीश मुद्गल, दिनेश मारोठवाला, प्रहलाद रिंगसिया, शशांक जोशी,मनीष मिश्रा, प्रभु दयाल इंदौरिया सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग मौजूद रहे। वही शाम को विप्र समाज की महिलाओं द्वारा स्थानीय परशुराम सर्किल पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके बाद रात्रि को स्थानीय ब्रह्मबगीची स्थित भगवान परशुराम जी के मंदिर में विशाल महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सर्व विप्र समाज के लोग मौजूद रहें।

# अक्षय तृतीया महोत्सव का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या शासन साध्वी मानकुमारी के पावन सान्निध्य में अक्षय तृतीया महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांता जैन गुलगुलिया धर्मपत्नी विमल कुमार गुलगुलिया के द्वितीय वर्षीतप का अभिनंदन किया गया। साध्वी वृंद की ओर से मंगलाचरण से शुरू हुए कार्यक्रम में शासनश्री साध्वी मानकुमारी ने तप अनुमोदना करते हुए कहा कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ थे। ऋषभ का कर्तृत्व व व्यक्तित्व अपने आप में अनुपम है। ऋषभ इस पृथ्वी के प्रथम राजा बनकर इस सृष्टि के व्यवस्था सूत्र के प्रथम सूत्रधार थे। सम्राट से सन्यस्त हुए और संयम जीवन स्वीकार किया। उस समय के लोग सीधे सरल थे। जब बैल खेतों से अनाज खा रहे थे तो ऋषभ ने बैलों के मुंह पर छिंकी बांधने का आदेश दिया। ऋजु बुद्धि वाले लोगों ने छिंकी बांध दी पर जब बैल कुछ खा नहीं पा रहे थे तब वापस ऋषभ के पास आए और अपनी समस्या रखी तब ऋषभ ने पूछा छिंकी खोली थी या नहीं। नकारात्मक उत्तर सुन उन्होंने तुरंत छिंकी खोलने के लिए कहा। बैलों का मुंह 12 घंटे बंधे रहने के कारण भगवान ऋषभ को 12 महीने तक भिक्षा नहीं मिली। लंबी तपस्या हो गई। लोग भिक्षा विधि से अनजान थे। प्रपौत्र श्रेयांस ने जाति स्मरण ज्ञान से सब जाना और इक्षुरस का सुपात्र दान देकर ऋषभ भगवान का पारणा करवाया। वह दिन था वैशाख शुक्ला तृतीया और वह अक्षय तृतीया बन गई। प्रथम सुपात्र दान देने का श्रेय मिला श्रेयांश को और तभी से लोग अक्षय तृतीया पर वर्षीतप का पारणा करते हैं। अक्षय तृतीया का यह पर्व हमें सुपात्र दान देने की प्रेरणा देता है जिसे देकर हम भव परंपरा से मुक्त हो सकते हैं। सचमुच ऋषभ सभ्यता और संस्कृति के विकास पुरुष थे। वर्षीतप करने से इंद्रिय संयम के साथ-साथ अनासक्ति चेतना का विकास होता है। वर्षीतप की अनुमोदना करते हुए साध्वी ने श्रावक-श्राविकाओं को वर्षीतप करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर ज्ञानशाला के बच्चों और कन्या मंडल ने 'सबसे श्रेष्ठ जैन धर्म' नाटिका की सुंदर प्रस्तुति दी। साध्वी कीर्तिरेखा, साध्वी वृंद, महिला मंडल, मोनिका बैद, मंजू दुगड़, प्रेमरतन पांडे ने सारगर्भित वक्तव्य और गीतों के माध्यम से भगवान ऋषभ का गुणगान किया। वर्षीतप करने वाली बहन कांता का तेरापंथ सभा व महिला मंडल की ओर से अभिनंदन किया गया। आभार ज्ञापन सभा के मंत्री कमल दुगड़ ने किया। साध्वी इंदुयशा ने कार्यक्रम का कुशल संयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति रही।

## मकान किराया विवाद में थाने में महिला ने खुद पर छिड़का पेट्रोल, बाल-बाल बची

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दुलिया बास स्थित एक मकान मालिक का किरायेदार के साथ विवाद और गहरा गया। मकान मालकिन रेखा शर्मा कोतवाली पुलिस थाने में बुधवार दोपहर को आत्मदाह का प्रयास करने लगी, जिससे थाने का स्टाफ सकते में आ गया। सीआई बैगाराम मीणा और एक महिला कांस्टेबल ने महिला रेखा शर्मा को बचाने का काम किया। रेखा शर्मा ने अपने आप पर एक शीशी से पेट्रोल छिड़क लिया, इसी दौरान उसे सीआई और महिला कांस्टेबल ने पकड़ लिया और मुंशी ऑफिस में ले जाकर बिठाया और परिजनों को ध्यान रखने के लिए कहा। मुंशी ऑफिस भी पेट्रोल की बदबू से सराबोर हो गया। रेखा शर्मा ने कहा कि पुलिस मेरी मदद नहीं करके किरायेदार की मदद कर रही है, जबकि किरायेदार मेरा मकान हड़पना चाहता है। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि दोनों पक्षों में समझाईश के प्रयास चल रहे हैं।बता दें कि इस मामले में किरायेदार की ओर से एक दिन पहले ही डीएसपी के समक्ष मकान मालिक पर बाहर निकाल देने के आरोप लगाए गए थे। जबकि मकान मालिक के पिता घनश्याम शर्मा का कहना है कि किरायेदार बनवारीलाल सोनी हमारा मकान हड़प करना चाहता है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 18 स्थित श्रीबालाजी मन्दिर में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजनों के साथ झूम उठे। कथावाचिक वृदांवन धाम की आचार्या देवी रजनीश्वरी मिश्रा ने कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मनुष्य इस सांसारिक मोह में फस कर अपने जीवन को व्यर्थ गंवा देता है। मनुष्य अपने मन के कुविचारों को निकाल कर परमेश्वर का ध्यान लगाता है तो वह मोक्ष की प्राप्ति करता है। कथा के दौरान फूलों की होली खेली गई और भगवान श्री कृष्ण के जयकारों के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कथा पंडाल को भव्य तरीके से सजाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंचे, शाम को आरती कर प्रसादी वितरित की गई।

## एक्सीडेंट में पति की मौत, पत्नी गंभीर घायल, रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर

**नागौर(निस्.)।** खींवसर में रोडवेज बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार पति की मौके पर ही मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर कर दिया गया है। मृतक का शव खींवसर के सरकारी की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर हेड कॉन्स्टेबल लहरी राम पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे जहां वे अस्पताल गए। पुलिस ने बताया कि खींवसर क्षेत्र के मातवों की ढाणी निवासी मघाराम सारण अपनी पत्नी गुड्डी देवी के साथ खींवसर आया था। दोनों पति-पत्नी बाइक से धारणावास गांव में रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे। पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवाकर जैसे ही आगे बढ़े तभी रोडवेज डिपो के अंदर जा रही बस से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मघा राम सारण (42) को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद घायल गुड्?डी देवी (37) को जोधपुर रेफर किया गया है। टक्कर होने के बाद रोडवेज बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

## आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। शिक्षा विभाग से उपनिदेशक के पद से सेवानिवृत्त रामनिवास शर्मा, समिति के सुरेन्द्र कुमार इन्दोरिया, साक्षी व श्रुति फतेहपुर के आतिथ्य में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। संस्था प्रधान अशोक कुमार पारीक ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय प्रस्तुत कर स्वागत किया। वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा षष्ठी, सप्तमी, नवमी व एकादशी में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरारीलाल मिश्रा, रामराज यादव, योगेन्द्र शर्मा, राजेश जांगिड़, प्रदीप पारीक, वेदप्रकाश शर्मा, विकास शर्मा, निखिल कुमार, विष्णु सिंह, मनीष कुमार, मोनिका शर्मा, प्रियंका शर्मा, राकेश कलवानियाँ व नरेंद्र सारस्वत आदि मौजूद रहे। संचालन अनूप कुमार मिश्रा ने किया जबकि सहायक प्रधानाचार्य सूरजभान बीजला ने आभार व्यक्त किया।

## मण्डावा में टॉप टेन विद्यार्थियों का सम्मान आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे की समाज सेवी संस्थान श्री गांधी जनकल्याण समिति, मण्डावा की ओर से गुरूवार को आदर्श विद्या मन्दिर उमावि, मण्डावा में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में अव्वल रहे टॉप टेन विद्यार्थियों का माला पहनाकर नगद राशि व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्य मुकेश स्वामी ने बताया की प्रतियोगिता में करीब एक सौ दस विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्रा क्रमशः जानवी शर्मा, हिमांशु, दैविका शर्मा, गरिमा शेखावत, रौनक शेखावत, रक्षिता शेखावत, भूमिका स्वामी, प्राची शर्मा, हंशिका स्वामी तथा इशांत शर्मा आदि विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

# नरेन्द्र बाटड़ को संगठनात्मक उत्कृष्टता पर प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस्.)।** कांग्रेस सेवादल सीकर के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बाटड़ को संगठनात्मक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान से नवाजा गया है। जयपुर में आयोजित कांग्रेस की विस्तारित संगठनात्मक बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। बाटड़ को यह सम्मान रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रहते हुए बूथ इकाई से लेकर मण्डल व ब्लॉक स्तर तक की कार्यकारिणी का गठन मात्र 16 दिनों में पूर्ण करने के लिए दिया गया। उन्होंने संगठन की पूरी कार्यकारिणी को ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से तैयार किया और प्रत्येक स्तर की बैठकों का सफल आयोजन कर कार्यशैली का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। कांग्रेस नेतृत्व ने उनकी इस कार्यप्रणाली को संगठन के लिए 'रोल मॉडल' बताया। बैठक के दौरान बाटड़ ने रतनगढ़ क्षेत्र के 4,000 से अधिक पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की 500 पृष्ठों वाली सूची प्रस्तुत कर प्रजेंटेशन भी दिया। उनके इस कार्य की प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सराहना की और सभी प्रभारियों से बाटड़ की तरह संगठनात्मक कार्यों को समयबद्ध व प्रभावी ढंग से संपन्न करने का आह्वान किया। बाटड़ की यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सम्मान है, बल्कि संगठनात्मक दृढ़ता और समर्पण का प्रतीक भी है।

## तोलियासर को ग्राम पंचायत बनाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव तोलियासर के लोगों ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को एडवोकेट रामकुमार मेघवाल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा और ग्राम तोलियासर को नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को बताया कि हमारे गांव की आबादी 1648 है, जबकि ऐसी काफी पंचायतें बनी हैं, जिनकी हमारे से भी आबादी कम है। इसलिए तोलियासर को ग्राम पंचायत बनाया जाए। इस दौरान फूलचंद मेघवाल, ओमप्रकाश मेघवाल, सुनील, सीताराम, बलवंत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## देवी कथा में उमड़ रहा हैं भक्तों का जन सैलाब




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव बुकनसर छोटा में जमना देवी ब्रह्मनंद जोशी परिवार की ओर से आयोजित श्री मद देवी भागवत कथा के तीसरे दिन दंडी स्वामी शिवेद्राश्रम जी महाराज ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि आदिशक्ति मां की महिमा का विशेष वर्णन किया जाता है। देवी भागवत कथा के श्रवण से ही मनुष्य के पापों से मुक्ति मिल जाती है। कथा में मधु-कैटभ राक्षसों के वध और देवताओं की ओर से अम्बा यज्ञ के आयोजन की कथा सुनाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा में सत्यनारायण जोशी, ब्रह्मानंद जोशी, हीरालाल जोशी, अशोक जोशी, बजरंग जोशी, सागर मल, तोला राम सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व पुरूषों ने कथा का श्रवण कर पुन्य कमाया।

## 'अक्षय तृतीया पर नहीं होगा चूरू में एक भी बाल विवाह' का लिया संकल्प




**चूरू(निस)।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल संस्था चूरू की ओर से संचालित परियोजना एक सिस्टर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के तहत अक्षय तृतीया के अवसर पर चूरू ज़िले के प्रसिद्ध मंदिरों धाम गोगामेड़ी मस्जिदों के धार्मिक गुरुओं के साथ बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला समन्वयक रुकैया पठान बताया कि चूरू ज़िले के मुख्य व मंदिर रतननगर के शिव मंदिर नाथ धाम, सातडा घाम, चूरू का प्रचलित देपालसर का गणेश मंदिर, खा़सोली का संकट मोचन बालाजी मंदिर, गढ़ का शिव मंदिर, सैहला व सातडा की मस्जिद, दरगाह आदि के नाप गुरु बाबा संत महात्मा पंडित मौलाना के साथ बाल विवाह के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाते हुए उन्होंने संकल्प लिया कि बाल विवाह में न तो शामिल होंगे ना किसी भी बालक बालिका का चूरू में अक्षय तृतीया के अवसर पर एक भी बाल विवाह है नही करवाने का संकल्प लिया और बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए अभियान का समर्थन किया व बाल विवाह न करवाने की शपथ ली। कार्यक्रम में चूरू जिले के 300 से अधिक धार्मिक गुरु समुदाय के सदस्यों ने भागीदारी ली कार्यक्रम में जिसमें ज्ञाननाथ बाबा, भगत ओमप्रकाश मौलाना असगर, मौलाना अहमद, मौलाना जाहिर काजी, बाबा ओम व संस्था की टीम से रेस्क्यू कोऑर्डिनेटर रिजवान खान, फील्ड कोऑर्डिनेटर सुमन चोपड़ा, मुबारक अली राकेश कल्ला हनुमान स्वामी उपस्थित रहे।

## 38.80 लाख के साइबर फ्रॉड मामले में एक और गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**(निस्.)।**दौसा की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने लोन अकाउंट हैक कर 38 लाख 80 हजार की साइबर ठगी के मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस सम्बन्ध में खुरी कलां निवासी पीड़ित हंसराज गुर्जर ने साइबर क्राइम थाने में एफआइआर दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि 22 नवंबर को उसके मोबाइल पर कॉल आया कि मैं बैंक से बोल रहा हूं। आपके बैंक अकाउंट की साम्ट डिजिट को बॉयोडाटा में अपडेट करना है। इसके बाद पीडित ने एक्सिस बैंक ब्रांच में फोन कर जानकारी ली कॉलर सही होना बताया। रिपोर्ट में बताया कि 10 दिसंबर को उसके पास किसी परिचित ने 50 हजार रूपए भेजे थे, जिनका मैसेज नहीं आने पर बैंक पहुंचकर सम्पर्क किया तो पता चला कि उनके अकाउंट से 22 नवंबर से 27 नवंबर के बीच में 38 लाख 80 हजार 112 रुपए निकाले गये हैं। इस दौरान उसके फोन पर ट्रांजेक्शन का कोई टेस्ट मैसेज या बैंक से कोई फोन नहीं आया। जबकि इतना बडा ट्रांजेक्शन सिर्फ 6 दिन में हुआ। पीड़ित ने बताया कि बैंक में खाता खुलवाने से लेकर अभी तक कोई भी नेटबैंकिंग, डेबिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग आदि कोई भी ऑनलाइन सुविधा नहीं ले रखी थी और ना ही कभी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया। केवल चैक बुक के द्वारा ही भुगतान लिया जाता था। पीडित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में पुलिस ने शौकत खान निवासी जालुकी डीग को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के बैंक अकाउंट में करीब 9 लाख 80 हजार रुपए बतौर कमीशन मिले। वहीं तीन आरोपियों को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है।

# अतिक्रमण पर चला नगरपरिषद का पीला पंजा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर की नगरपरिषद की ओर से बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। नगरपरिषद की अतिक्रमण पर कार्रवाई के दौरान व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कुछ व्यापारियों ने अपनी दुकान के आगे चौकी बनाकर अतिक्रमण कर रखा था। कुछ व्यापारियों ने दुकान के आगे पट्टी लगाकर अतिक्रमण कर रखा था। उन सभी अतिक्रमणकों पर नगरपरिषद ने अपना पीला पंजा चलाया। जिस पर कुछ व्यापारियों ने अपना अतिक्रमण खुद ही हटा लिया। नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी सहित नगर परिषद की टीम व पुलिस जाप्ते के साथ नगर परिषद के कर्मचारियों ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के सभापति ने दुकानदारों से समझाइश कर अतिक्रमण हटाने में सहयोग की अपील की। जिस पर राज वाले कुएं से कच्चा बस स्टैंड तक नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि शहर में मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण दुकानदारों की ओर से किया जा रहा था। जिस पर कई बार नगर परिषद को अतिक्रमण को लेकर शिकायतें मिली हैं। जिस पर पिछले 15 दिनों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर मौका निरीक्षण किया गया व दुकानदारों से समझाइश करते हुए अतिक्रमण हटाने की अपील की गई। कुछ व्यापारियों ने अपना अतिक्रमण खुद ही हटा लिया। कुछ दुकानदारों की ओर से दुकान के आगे चौकी बनाकर अतिक्रमण किया गया था। जिस पर जेसीबी से उन अतिक्रमणों को तोड़कर राज वाला कुआं से मजिस्ट्रेट आवास तक पूरे रास्ते पर अतिक्रमण हटाकर रास्ते को चौड़ा किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने के बाद राजकीय उपजिला अस्पताल में जाने के लिए एम्बुलेंस सहित अन्य वाहन चालकों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं आगे नगर परिषद की ओर से भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा। जिसके तहत सूर्य मंदिर से लेकर बीकानेर रोड पांच भाई चौक तक अभियान चलाया जाएगा। उसके बाद में लेडिज मार्केट, सब्जी मंडी, शिव मार्केट व रेलवे स्टेशन पर भी अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। उनको भी तोड़कर रास्ते को चौड़ा किया जाएगा। सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि व्यापारियों से हाथ जोड़कर निवेदन है कि अपना अतिक्रमण खुद हटा ले और भविष्य में दुकान के आगे अतिक्रमण नहीं करें। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े और नगर परिषद का सभी व्यापारी सहयोग करें। जिससे नगर परिषद को अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई भविष्य में नहीं करनी पड़े।

## हल चलाकर किया अक्षय तृतीया का शगुन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में सार्वजनिक भूमि में हल चला कर सात धान के बीजों की ऊंट से हल चला कर बिजाई करके ईश्वर से सभी खेतों में धन धान्य व सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर सरपंच सविता राठी ने कहा कि प्रकृति जनित मानव संरचना को संरक्षित करने के लिए आखातीज पर हल चला कर बीज बुवाई करने का शगुन अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इस शगुन के साथ ही किसानों को अच्छे जमाने की उम्मीद जगती है। इस दौरान हनुमान नाई, दीपचंद गिलड़ा, ओमप्रकाश प्रजापत, राजेश, भंवर लाल, राकेश आदि मौजूद रहे। चुनकी देवी, भंवरी देवी, भगवानी देवी, गीता, नानुरी, कमला, बिमला, कानूडी, धापू, डाली, बसंती आदि महिलाओं ने इंद्र देव को रिझाने के लिए पारंपरिक गीत गाकर आखातीज का शगुन मनाया। इससे पहले पूजा अर्चना भी की गई। इसी प्रकार घरों में भी अक्षय तृतीया का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## नालों की सफ़ाई कराने की मांग, ईओ को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** नगरपालिका के वार्ड संख्या 9 के पालिका सदस्य मोहम्मद अब्बास गौरी ने बुधवार को पालिका के ईओ डॉ सहदेव चारण को पत्र देकर वार्ड संख्या 9 में मुख्य गैनाणी के नालों की संपूर्ण सफाई व खुले पड़े नालों को भूमिगत करवाने की मांग की है। गौरी ने पत्र में उल्लेख किया है कि उसके वार्ड में गैनाणी का मुख्य नाला बहता है, जिसकी संपूर्ण सफाई का टैंडर मार्च माह में लग जाता है, लेकिन अप्रैल का महिना व्यतीत हो जाने के बाद भी अब तक कोई भी टैंडर आमंत्रित नहीं किया गया है। इस संबंध में 17 अप्रैल को भी अवगत करवाया गया था। क्योंकि टैंडर जारी करने व प्रकाशित होने के बाद व ठेकेदार को आदेश देने के कार्य में काफी समय लग जाता है और मानसून से पूर्व नाले की सफाई नहीं हो पाती, जिससे इस नाले के इर्द-गिर्द रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। समय रहते हुए इस नाले की सफाई करवाई जाए तथा खुले पड़े नाले को भूमिगत करवाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। पार्षद ने पत्र के अंत में लिखा है कि समय रहते हुए इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वार्डवासियों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। पार्षद ने पत्र की प्रतिलिपि एसडीएम रामकुमार वर्मा को भी दी है।

## आतंकियों को मृत्युदंड देने की मांग, ज्ञापन सौंपा




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** ऑल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में मुस्लिम समाज के लोगों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शामिल लोगों को मृत्युदंड देने की मांग को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार सज्जन कुमार लाटा को ज्ञापन दिया है। सोसायटी की ओर से दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सभी मुस्लिम समाज इस हमले की कड़ी निंदा करते हैं। दुख की इस घड़ी में हम सभी भारतीय एकजुट होकर समाज में फूट डालने वाले इन लोगों के मकसद में कामयाब नहीं होने देंगे। आतंकवादियों की तलाश कर उन्हें मृत्यु दंड दिया जाए। इस अवसर पर अब्दुल सत्तार, कासम निर्वाण, सलीम खान, मोहम्मद अनवर, मिराजुद्दीन, साबिर चेजारा, महेश जोशी, अजय गार्गी, सुरेश घारू, युसुफ लश्करिया, उम्मेदसिंह बीका, पृथ्वी प्रजापत, अरशद, हाकम मणियार, रजमान लीलगर, क्यूम गौरी, एडवोकेट निराणाराम बिस्सू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## शिविर में 200 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव मींगणा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को दिवंगत ओमसिंह फौजी की प्रथम पुण्यतिथि पर ग्रामीणों की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दो सौ से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ। एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर की टीम ने रक्त संग्रहण किया।



शिविर में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य नोरंगलाल सिलू, लोडसर सरपंच कन्हैयालाल शर्मा, पंच सुरेश कंवर, सरपंच करणी सिंह ने भी युवाओं से रक्तदान करने की अपील की। इस दौरान पूर्व सरपंच किशनलाल मेघवाल, पूर्व सरपंच हीरालाल गोदारा, भंवरसिह शेखावत, दामोदर शर्मा, कपिल सिंह, संदीप भंवरिया, नरेश सिंह, श्रवण सिंह, दिलीप सिंह, मोहनलाल सोनी आदि ग्रामीणों ने शिविर की व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

## भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस पर योग शिविर व सांस्कृतिक कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में विप्र फाउंडेशन की ओर से भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत विप्र फाउंडेश संस्कार केन्द्र पर महिला प्रकोष्ठ के नेतृत्व में स्थानीय गायत्री मंदिर चौधरी के कुएं पर भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित पंच दिवसीय कार्यक्रमों तहत सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही हर्षोंउल्लास के साथ किया गया। भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना से कार्यक्रम का आगाज किया गया। संस्कार केंद्र गायत्री मंदिर के छात्रों की ओर से देश भक्ति गीत, कविता व भजन आदि की शानदार प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने आदर्श विद्यार्थी के गुणों को संवाद प्रश्नोत्तरी के माध्यम से प्रायोगिक रूप से सरल तरीके विद्यार्थियों को समझाया। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू दाधीच ने सभी से भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। विफा प्रदेश सदस्य प्रभा पारीक नें सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अंजना भोजक, उमा भोजक, प्रेमलता सारस्वत, राधा सारस्वत, राजकुमार गौड़ नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, मांगीलाल सेवदा आदि का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी पिंकी पारीक और महामंत्री अंजना भोजक की ओर से भजन व गायन की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। विप्र फाउंडेशन की ओर से आयोजित 3 दिवसीय योग शिविर शिव बाड़ी मंदिर परिसर मे आयोजित किया गया। योग शिविर में करो योग रहो निरोग का संदेश दिया गया। योग गुरु संत कुमार कौशिक ने योग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम आयोजन में विप्र फाउंडेशन के तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़ व नगर अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह राजपुरोहित का भी बहुत सहयोग रहा। इस अवसर विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष वैद्य महेन्द्र शर्मा, वार्ड पार्षद सुशील प्रजापत, सुनील प्रजापत, गणेश झाकल, नितेश झाकल, हरिप्रसाद प्रजापत, गोपाल बिहानियां, दिनेश प्रजापत, नवरतन, शंकर प्रजापत, महेन्द्र पेंटर, संदीप दर्जी, हनुमान फोटो ग्राफर, भरत प्रजापत आदि वार्ड वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्र जांगिड़ ने की। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन की ओर से योग गुरु संत कुमार कौशिक का साफा, दुपट्टा व श्री फल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी को भगवान परशुराम का प्रसाद वितरण किया गया। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

## अनेक स्थानों पर मनाई परशुराम जयन्ती



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री खांडल विप्र समिति के तत्वावधान में दुलियां बास स्थित परशुराम भवन, स्टेशन रोड़ स्थित खांडल भवन एवं नया बास स्थित भंवरी देवी स्मृति भवन में परशुराम जयन्ती मनाई गई। दुलिया बास स्थित परशुराम भवन में पं. जगदीश प्रसाद शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ समिति अध्यक्ष रामस्वरूप माटोलिया ने सपत्निक भगवान श्री परशुराम जी की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात परशुराम जी की आरती की गई। इस दौरान हरिप्रसाद चोटिया, रामरतन बोचीवाल, शिव कुमार जोशी, भगवती प्रसाद नवहाल, विनय माटोलिया, राजेश पीपलवा सहित अनेक समाजबन्धु मौजूद रहे। इसी प्रकार नया बास स्थित भंवरी देवी स्मृति भवन में भगवान श्री परशुराम की पूजा, अर्चना व आरती की गई। इस मौके पर नन्दकिशोर चोटिया, मनोज पीपलवा, शशिरंजन पीपलवा, रामवतार मंगलहारा, शंकरलाल रूंथला, मालचंद रूंथला, मुरलीधर चोटिया, बालचंद पीपलवा, राकेश मंगलहारा, धर्मेन्द्र रिणवा, मूलचंद नवहाल, अशोक चोटिया, नमन बोचीवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार स्टेशन रोड़ स्थित खांडल भवन में भी भगवान श्री परशुराम जी की पूजा अर्चना एवं आरती की गई। इस अवसर पर वैद्य भंवरलाल काछवाल, शंकरलाल गोवला, राजेश चोटिया, जयप्रकाश माटोलिया, अशोक माटोलिया, विश्वदीपक काछवाल, मुरारी गोवला सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## घंटाघर पर राहगीरो को पिलाया गन्ने का जूस

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सुजलांचल विकास मंच समिति के तत्वाधान में कंवरीलाल सुमित्रा देवी काला जयपुर प्रवासी के सौजन्य से अक्षय तृतीया के अवसर पर राहगीरों को गन्ने का रस पिलाया गया। घंटाघर चौक पर शुभारंभ समाजसेवी पदमचंद पाटनी गुवाहाटी प्रवासी ने किया। समिति उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद पाटनी ने बताया कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने जब अयोध्या का राज पाट अपने दोनों पुत्रों भरत और बाहुबली को सौंप कर तपस्या करने हिमालय के वनों में गमन किया। उसके बाद वर्षों की कठिन तपस्या के कर वापस हस्तिनापुर नगर में प्रवेश किया, तो राजा श्रेयांश ने अक्षय तृतीया के दिन भगवान का गन्ने के रस से आहार पान करवाकर पारणा करवाया था। तब से लेकर आज तक ये दिन आखा तीज के नाम से जैन समुदाय में जाना जाता है। जैन समुदाय में इस दिन का बड़ा महत्व है। समिति सचिव विनीत कुमार बगड़ा ने समिति की ओर से संचालित सेवा प्रकल्पो से अवगत करवाते हुए भावी योजनाओं की जानकारी दी तथा गर्मी के मौसम में पीने के पानी के लिए राजकीय बगड़िया चिकित्सालय व रेलवे स्टेशन प्रांगण में शीतल जल की व्यवस्था भामाशाहों के सहयोग से शुरू की जाएगी। इस दौरान श्री दिगम्बर जैन समाज के मंत्री पारसमल बगड़ा, समाजसेवी निहालचंद बगड़ा, सुरेश बाकलीवाल, मनोज बिनायक्या, प्रदीप सेठी, हेमंत गंगवाल, महेश बगड़ा, संतोष गंगवाल, अमित छाबड़ा, कमल बगड़ा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी का स्वागत भी किया गया।



## अच्छी पहलः दिवंगत दोस्त की याद में कस्तुरबा गांधी स्कूल में बनाया मित्र मंच




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के गिड़गिचिया रोड़ पर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बुधवार को अपने अजीज दोस्तों की याद में दोस्ती का फर्ज निभाते हुए सराहनीय पहल करते हुए मित्र मंच का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। फ्रेंड्स फॉरएवर सोसायटी की ओर से अरुण सोनी व सुनील जांगिड़ की पुण्य स्मृति में निर्मित मित्र मंच का लोकार्पण सभापति राजकरण चौधरी व थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई की ओर से किया गया। कार्यक्रम में अतिथि गाविमं अध्यक्ष हिमांशु दुगड़, पूर्व सरपंच मदनलाल पारीक, राजेंद्र मोदी, उप प्राचार्य गौरी शंकर शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, फारूक ज्यान मोहम्मद, रामप्रसाद शर्मा, सोहनलाल जांगिड़, राजकुमार सोनी, संस्था प्रधान इंद्रावती बांगड़वा आदि उपस्थित रहे। फ्रेंड्स फॉरएवर समिति के अध्यक्ष प्रसन्न धूत, सचिव राजन जांगिड़, कोषाध्यक्ष विजय चौधरी, संरक्षक रोहित स्वामी, उपाध्यक्ष अशोक पापटान, संगठन मंत्री छत्रमोहन शर्मा, महावीर सोनी, रतन मोयल, कपिल शर्मा, राकेश सोनी, महेंद्र सोनी, सीताराम प्रजापत, राजवीर सिंह, अमित आंचलिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय पारीक ने किया। संस्था प्रधान इंद्रावती बांगड़वा ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजकुमार तिवाड़ी, महेश डागा, रवि अग्रवाल, लोकेश सेठिया, संपत जांगिड़, अशोक भोजक, रामावतार जांगिड़, असलम बारदाना, दिलीप चौधरी, रामनिरंजन शर्मा, नौरतन भोजक सहित स्कूल के विद्यार्थी अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पटवार संघ के अध्यक्ष विनोद मीणा को दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** तहसील कार्यालय में कार्यरत पटवारी व पटवार संघ उपशाखा राजलदेसर के अध्यक्ष विनोद मीणा के आकस्मिक निधन होने पर तहसील कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। तहसील कार्यालय में पटवारी विनोद मीणा को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा में तहसीलदार जितेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र गाडगिल गिरदावरी, हरीओम शर्मा सहायक प्रशासनिक अधिकारी, नरेंद्र सिंह कनिष्ठ सहायक, विक्रम सिंह अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, विनोद कुमार भार्गव कानूनगो, मोहनसिंह कनिष्ठ सहायक, शीशराम कस्वा टीआरए, रोहित पारीक एकाउंट, एडवोकेट रोहित मारू, गिरधारी ज्याणी, पटवारी दामोदर मीणा, पटवारी अजीत मीणा, पटवारी ज्योती बुरड़क, पटवारी रत्तीराम, बजरंग सैन, श्याम लाल बारूपाल गिरदावर, श्रवण मोडसरा एडवोकेट सहित तहसील कर्मी लोग मौजूद रहे।

## जीवन में सकारात्मक सोच के साथ सभी समाज एकजुटता से प्रयास करें: राठौड़

### शेखावाटी के संस्थापक महाराव शेखाजी की 537 वीं पुण्यतिथि मनाई

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** महाराव शेखाजी संस्थान चूरू के तत्वावधान में शेखावाटी के संस्थापक, युगपुरुष महाराव शेखाजी की 537 वीं पुण्यतिथि (निर्वाण दिवस) शेखावत कॉलोनी स्थित श्री करणी माता मन्दिर सभागार में संस्थान अध्यक्ष डॉ. अमर सिंह शेखावत की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीईओ गोविन्द सिंह राठौड़ रहें। इस अवसर पर राठौड़ ने क्षत्रिय का इतिहास बताते हुए कहा कि शेखाजी के उच्च संस्कारों को ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ सभी समाज को एकजुटता से प्रयास करना चाहिए ताकि समाज आगे बढ़कर देश सेवा करता रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखकर संस्कारित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने महाराव शेखाजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अमरसिंह शेखावत ने कहा कि महाराव शेखाजी के मूल्यों को अपने जीवन में ढ़ालने और सुसंस्कृति व संस्कार बच्चों को सिखाने की आवश्यकता है। शेखाजी नारी रक्षक, स्वाभिमानी, हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक, बलिदानी, सरल व्यक्तित्व, पराक्रमी, तलवार के धनी और बुद्धि चातुर्य की प्रचुरता आदि सद्गुणों के महामानव रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतपाल सिंह शेखावत ने कहा कि भगवान श्रीरामचन्द्र के वंशज महाराव शेखाजी के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को संगठित होकर सभी के साथ सामंजस्य रखना चाहिए। वहीं विशिष्ट अतिथि सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन दलीप सिंह राठौड़, कर्नल विक्रम सिंह शेखावत ने महाराव शेखाजी के आदर्शों पर प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त एएसपी रामसिंह राठौड़ ने अपनी ओजस्वी कविता पीथल सुनाई। वैद्य विजेन्द्र सिंह राठौड़ ने महाराव शेखाजी की प्रेरणादायक जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर गुलाब सिंह, जय सिंह, कमल सिंह राठौड़, रघुवीर सिंह, भागीरथ सिंह, जसवंत सिंह, सम्पत सिंह, रतनसिंह, लादू सिंह, हरिसिंह, उत्तम सिंह, हनुमान सिंह, कुशल सिंह, सम्पत सिंह, हेमसिंह, जुगल सिंह, अरविन्द सिंह, धन्ने सिंह, बलबीर सिंह दुलेरी, राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जलगांव में आतंकवादियों के शिकार हुए मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन कप्तान मदन सिंह ने किया।

# सांसी बस्ती के लोगों ने किया सहायक अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विद्युत निगम के सहायक अभियंता कार्यालय पर सांसी बस्ती के लोगों ने करीब आधे घंटे तक सांकेतिक धरना देकर बस्ती में वोल्टेज की समस्या का समाधान करने की मांग की। पार्षद इकबाल खां कायमखानी, महेश कुमार सांसी के नेतृत्व में यह धरना दिया गया और बस्ती के लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब आधे घंटे के बाद सहायक अभियंता अरूण मीणा ने धरनार्थियों से बात की, तो धरनार्थियों ने उनको ज्ञापन सौंपा। जिस पर अरूण मीणा ने बताया कि नए ट्रांसफार्मर की सारी फार्मेलिटी हो चुकी है, अब जल्दी प्राथमिकता के साथ आपकी बस्ती में डीपी लगा दी जाएगी। जिस पर लोगों ने कहा कि तीन दिन में अगर समस्या का समाधान नहीं होता है, तो हमें मजबूरन धरना देना पड़ेगा। सहायक अभियंता ने कहा कि प्राथमिकता से इस समस्या का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर राजेश, पार्षद रेंवतमल पंवार, सोहनलाल, सुरेश कुमार, दलीप, पप्पू, मदनलाल, अजय, सीताराम, ज्ञानचंद सहित अनेक बस्तीवासी मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने किया कच्छावा की पुस्तक का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने बुधवार को राज भवन में मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष और साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा की नव प्रकाशित पुस्तक - मर्यादा और अन्य लघुकथाएं..का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा की मर्यादा और अन्य लघुकथाएं वर्तमान समय के शब्द चित्र हैं। राज्यपाल ने विमोचन के पश्चात कुछ लघुकथाओं को पढ़कर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने दुपट्टा ओढा कर राज्यपाल का सम्मान करते हुए उन्हें सुजानगढ़ क्षेत्र के महाकवि कन्हैयालाल सेठिया और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों की जानकारी दी। राज्यपाल के ओएसडी राजकुमार सागर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजीव सोनी भी उपस्थित रहे।

# राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ शाखा चूरू के चुनाव सम्पन्न

## भंवरलाल डूडी अध्यक्ष, प्रवीण जलुथरिया बने महामंत्री



**चूरू(निस)।** वीर तेजा भवन में राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ शाखा चूरू का चुनाव राज्य यूनियन की तरफ से मनोनित पर्यवेक्षक अनिल बाडेटिया की देखरेख में किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर भंवरलाल डूडी व महामंत्री प्रवीण जलुथरिया को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव में सघ के संरक्षक पद पर महेन्द्र महला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर सीतारान गौस्वामी, उपाध्यक्ष के पद पर रामधन सेवदा, संयुक्त सचिव के पद पर राकेश स्वामी व रणजीत नेहरा, कोषाध्यक्ष के पद पर दीपक खीचड़ व महिला मौर्चा में सरिता चौधरी, नूनम, कविता पूनिया, सुमन को सर्वसम्मती से मनोनीत किया गया तथा चुनाव में चूरू जिले के समस्त पशुधन निरीक्षक एवं पशुधन प्रसार अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर 7 लाख ठगे

जयपुर टाइम्स

**करौली(निसं.)।** करौली साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जयपुर के जगतपुरा से पकड़े गए आरोपी की पहचान नागौर के डेगाना निवासी गोविंद मोदानी (29) के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही राजकोट, गुजरात के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें मुस्कान हालेपोट्रा (24), आदिल हुनानी (28) और भार्गव चोटालिया (22) शामिल हैं। आरोपियों ने करौली के एक चिकित्सक को स्काइप कॉल पर डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर 6,98,476 रुपए की ठगी की थी। साइबर थानाधिकारी हरी राम के अनुसार आरोपियों ने पीड़ित को बैंक खातों में लेनदेन का हवाला देकर कानूनी कार्रवाई का भय दिखाया।

# भाजपा की जिलास्तरीय डॉ. अम्बेडकर सम्मान अभियान कार्यशाला

जयपुर टाइम्स






**चूरू(निस)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर के सम्मान में अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत चूरू में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ और चूरू विधायक हरलाल सारण बतौर अथिति मौजूद रहें। इस अवसर पर राठौड़ कहा कि बाबासाहेब को लेकर कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक साधने का काम किया लेकिन कांग्रेस ने कभी भी बाबासाहेब का सम्मान नहीं किया। बाबासाहेब ने बचपन से ग़रीबी और छुआछूत को नजदीक से देखा और उनका सामना करते हुए दुनिया के सबसे विस्तृत संविधान का निर्माण कर देश को सुपुर्द किया। इस अवसर पर हरलाल सारण ने बाबासाहेब के सम्मान में भाजपा की ओर से किए गए कार्य गिनाए और कांग्रेस पर जमकर बरसे। भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने बाबासाहेब के साथ कांग्रेस की ओर से किए गए तुष्टिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबासाहेब किसी भी जाति या समुदाय विशेष के नहीं थे बल्कि बाबासाहेब ने पूरे देश की व्यवस्था को सुधारने में अपना अहम और अविस्मरणीय योगदान दिया अतः सभी वर्ग बाबासाहेब को एक नजरिये से देखें इसके लिए जन जागरण कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता है। कार्यशाला में पधारे हुए सभी लोगों को बाबासाहेब की बुकलेट भी वितरित की। भाजपा प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, कर्मचारी नेता नवरंग वर्मा, भाजपा नेता रामस्वरूप मेघवाल, हरिराम चोपड़ा, भाजयुमो महामंत्री गुरु धानका, भाजपा किसान मोर्चा के महेन्द्र धानक, अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष निरंजन धानका, सरपंच संतोष मेघवाल, आनंद रैगर, पवन चाँवरिया, विमल वाल्मीकि आदि ने भी कार्यशाला को सम्बोधित किया। कार्यशाला में उपस्थित लोगों ने बाबासाहेब अमर रहें की नारे लगाये। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजा मोर्चा गंगाधर लाखन, नगर महामंत्री प्रकाश नायक, पूर्व पार्षद विजय शंकर, एडवोकेट भंवरलाल कड़ेला, श्रीचंद छापरवाल, विनोद नायक राजासर, गोविन्द इंदौरा, संतलाल झारिया, रमेश पेंटर, मूलचंद दूत, फरियाद खान, विजेंद्र ढाणी खुढाणी, दिनदयाल सैनी, विजय बाल्मीकि पूर्व पार्षद , नत्थुराम लुगरिया, हीरालाल चांवरिया, परमेश्वर हटवाल, ललित महिचा, ओमप्रकाश बरोड़,नरेश गोठवाल, ओम प्रकाश गोठवाल, प्रदीप महिचा, प्रेम शांसी, सुरेंद्र नायक, इंदरचंद धानक, गोविंद इंदौरा, मुंशी राम धानक, बुधराम मेघवाल पूर्व सरपंच, प्रभु दयाल महेचा, चंद्र प्रकाश गोठवाल, माथूराम नायक, रामेश्वर धौलपुरिया, गजानंद खेड़ीवाल, सांवरमल गहनोलिया, धर्माराम महिचा हीरालाल नायक, दीनदयाल सियोता, सांवरमल मेघवाल, केशराराम नायक राजासर व महिलाओं सहित सेंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# पोषण पखवाड़े में राज्य में चूरू पहले पायदान पर

## महिलाए पौष्टिक भोजन व मोटे अनाज का अत्यधिक सेवन करें- आर्य



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय पेंशनर भवन में महिला बाल विकास विभाग की ओर से 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक चल रहे सप्तम पोषण पखवाड़े का समापन बुधवार को समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य रही। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग चूरू के उपनिदेशक डॉ. नरेन्द्र शेखावत ने की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने थीम आधारित गतिविधियों पर रंगोली सजाई और पोषण आधारित रेसीपी का प्रदर्षन किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पर्यवेक्षक, ब्लॉक कॉर्डिनेटर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपनिदेशक महिला व बाल विकास विभाग चूरू ने सप्तम पोषण पखवाड़े कार्यक्रम को जन आन्दोलन डेश बोर्ड में राज्य में सबसे ज्यादा एंट्री होने पर राज्य स्तर पर चूरू जिला प्रथम आने पर सभी कार्मिकों को बधाई व धन्यवाद दिया। इस दौरान अतिथियों को लाभार्थियों को अन्न प्रासन्न कराया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला प्रमुख वंदना आर्य ने महिलाओं को पौष्टिक भोजन, हरी सब्जियों का सेवन करने सहित मोटे अनाज पर अत्यधिक फोकस करने की जानकारी दी और बच्चों को पौष्टिक आहार देने पर बल दिया। कार्यक्रम में सीडीपीओ सीमा गहलोत, चंद्रकला शर्मा, सरोज नायक, संस्थापन अधिकारी पवन कुमार शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कर्णपाल सिंह, वरिष्ठ सहायक निखिल कुमार महर्षि, पीएमएमवीवाई प्रभारी कपिल शर्मा, जिला समन्वयक मुस्तकीम खान, माया सरावग आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महिला पर्यवेक्षक शीतल बत्रा व कंचन शर्मा ने किया।

# शिक्षा ही समाज का दर्पण- राठौड़

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने किया गीतांजली स्कूल के नव निर्मित भवन का उद्घाटन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** मालजी के कमरे के पास स्थित गीतांजली पब्लिक सी. सै. स्कूल के नव निर्मित भवन का उद्घाटन बुधवार को मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत, प्रदेश मंत्री, वासुदेव चावला, जिलाध्यक्ष बंसत शर्मा, सीडीईओ गोविन्द सिंह राठौड़, एडीपीसी संतोष महर्षि, सीबीईओ ओमदत्त सारण रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन दामोदर गौतम ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राजेन्द्र राठौड़ का 31 किलो की माला, साफा व दुपट्टा पहनाकर और प्रतीक चिन्ह् देकर सम्मान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है, इसको निहारना अभिभावक व शिक्षक दोनों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विद्यार्थी को सही और गलत रास्ते की दिशा बताती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय निर्माण में सहयोग करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। चैयरमेन दामोदर गौतम ने विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं व रूपरेखा प्रस्तुत की। संस्था निदेशक गौरव गौतम ने विद्यालय के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रबन्ध निदेशक विनय गौतम ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़, हिस्ट्रीशीटर सिकंदर पठान उर्फ लॉटरी को लगी गोली

जयपुर टाइम्स



**(निसं.)।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में बुधवार सुबह बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी. यह वारदात हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान हुई. फायरिंग के जवाब में पुलिस ने भी क्रॉस फायरिंग की, जिसमें हिस्ट्रीशीटर सिकंदर उर्फ लॉटरी गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके बाद उसे इलाज के लिए डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. फिलहाल वो आईसीयू में है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है. चिकित्सकों की टीम उस पर नजर बनाए हुए है. उधर, पुलिस पर फायरिंग की सूचना से अधिकारियों में हड़कंप मच गया. जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, एडिशनल एसपी पारसमल जैन और डिप्टी मनीष बडगूजर के साथ ही भीलवाड़ा शहर के पांच थानों का जाब्ता जिला अस्पताल पहुंच गया. सबसे पहले कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच फायरिंग करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, जबकि चौथा व्यक्ति, जो कि घायल है, उसकी सुरक्षा में पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया. पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया, 'मंगरोप-हमीरगढ़ रोड पर किसी वांछित अपराधी की सूचना के चलते स॥ह की निगरानी में पुलिस नाकाबंदी करवाई गई थी. इस बीच मध्य प्रदेश से हथियारों की खेप लेकर आ रहे बदमाशों की जानकारी मिली. पुलिस ने संदिग्ध कार को रुकवाया. तभी कार में सवार 4 लोग उतरे और पुलिसकर्मियों से बहस करने लगे. इसी बीच एक युवक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी. इसके जवाब में कार्रवाई करते हुए हमीरगढ़ थाना प्रभारी संजय गुर्जर ने भी क्रॉस फायरिंग की. इसमें गोलीबारी में हिस्ट्री सीटर सिकंदर लॉटरी घायल हो गया. फिलहाल उसे भीलवाड़ा रेफर किया गया है.' प्रोबेशनर आईपीएस जतिन जैन ने बताया कि कुछ बदमाशों के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में हथियार सप्लाई की सूचना मिली थी। इस पर थाना प्रभारी संजय गुर्जर के साथ नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने बदमाशों रोकने की कोशिश की, तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें सिकंदर के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने सिकंदर सहित 4 बदमाशों जगदीश कुमावत, अजीत खान और प्रहलाद कुमावत को गिरफ्तार कर लिया है। सिकंदर को इलाज के लिए भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भिजवाया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने स्वीकार है कि गिरफ्तार बदमाश सिकंदर लॉटरी और उसके तीनों साथी हिस्ट्रीशीटर हैं और किसी बड़े अपराध की फिराक में मध्य प्रदेश से हथियार लेकर आ रहे थे.

# *भाजपा कार्यालय का उद्घाटन, जनसेवा के नए केंद्र की शुरुआत*



**तारानगर(निस)।** तारानगर के चौधरी गेस्ट हाउस में बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने फीता काटकर भाजपा नवीन कार्यालय का उद्धघाटन किया। पार्टी के शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने बताया कि इस कार्यालय का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनकर उनका शीघ्र समाधान करना है ताकि जन जन को सुशासन और संगठन का वास्तविक लाभ प्राप्त हो सके। यह कार्यालय संगठन और जनता के बीच एक सेतु का कार्य करेगा जहाँ जनता की आवाज सीधे पार्टी तक पहुंचेगी। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश जांगिड़, जमरदीन तेली, जसवंत स्वामी, अजीतसिंह राठौड़, हरी इंदौरिया, मोहम्मद तैयब, रणजीत सिंह, साबीर हुसैन, रामवतार सैनी, त्रिलोक रेगर, ताराचंद कस्वां, गुमान सैनी, जगदीश सैनी, विशाल शर्मा, देवकरण कला, मोहम्मद फारूक, ओम सरावगी, किशनसिंह राठौड़, संजय पंवार, साबिर जिंदराण, ओम प्रकाश गिवारीया, चिरंजीलाल, मो.समीर, नरेश झाझडिया, अशोक जांगिड़, राकेश टाक, शाहरुख खान सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रेन की टक्कर से 2 रेलवे कर्मचारियों के चिथड़े उड़े, मालगाड़ी आने पर दूसरे ट्रेक पर गए थे

जयपुर टाइम्स

**गंगापुर सिटी(निसं.)।** गंगापुर सिटी में पटना-कोटा ट्रेन की चपेट में आने से दो रेल कर्मचारियों की मौत हो गई। कर्मचारी रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे थे। हादसा दिल्ली-मुंबई रेल लाइन पर छोटी उदई स्टेशन के पास सुबह साढ़े 10 बजे हुआ। रेलवे के सहायक असिस्टेंट सिग्नल अजहरुद्दीन ने बताया कि कांकर रेती गांव निवासी तकनीशियन गोवर्धन सैनी (28) और खोहरा गांव निवासी हेल्पर दिनेश मीणा (35) ट्रेक पर काम कर रहे थे। इसी दौरान गंगापुर से दिल्ली की ओर मालगाड़ी गुजर रही थी। जिसके कारण दोनों कर्मचारी दूसरी लाइन पर गए। इसी दौरान कोटा-पटना ट्रेन (13237) आ गई। दोनों कर्मचारी पटरी पर ही थे। ट्रेन इतनी तेजी से आई कि दोनों को संभलने का मौका नहीं मिला। ट्रेन की चपेट में आने से दोनों के शरीर के चीथड़े उड़ गए। मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। सहायक असिस्टेंट सिग्नल अजहरुद्दीन ने बताया कि हादसे के बाद ट्रेन करीब 40 मिनट तक मौके पर खड़ी रही। सूचना मिलते ही जीआरपी और सिविल पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों के शरीर के अंगों को एकत्र कर मिनी ट्रक से गंगापुर अस्पताल लाया गया। शवों को मॉर्चुरी में रखवाया गया। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# पहलगाम घटना के मध्य नजर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

## सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी की तो होगी सख्त कार्रवाई

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर में जम्मू कश्मीर के पहलगाम की घटना को लेकर थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई और तहसीलदार रतनलाल मीणा के नेतृत्व में बुधवार को पुलिस जवानों ने पुलिस थाने से रोडवेज बस स्टैंड, गांधी चौक, घंटाघर, सब्जी मंडी, बकरा मंडी कच्चा बस स्टैंड होते हुए शहर भर में फ्लैग मार्च निकाला। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पहलगाम की घटना को लेकर सरदारशहर में अमन चैन व आपसी भाईचारा बना रहे इसके लिए यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी शहर वासी उक्त घटना को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर स्पेशल टीम का भी गठन किया गया है जो 24 घंटे शहर में नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी साइबर टीम की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं फ्लैग मार्च के दौरान शहर के मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, बकरा मंडी और कच्चा बस स्टैंड आदि स्थानों पर थाना अधिकारी ने दुकान के बाहर रखें सामान को अंदर रखवाकर दुकानदारों को सामान अंदर रखने के लिए पाबंद किया। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह तय सीमा से बाहर अपनी दुकान का सामान रखते हैं तो सामान जप्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती हैं।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।